• जयपुर, बुधवार, 7 अगस्त 24 • वर्ष 13 • अंक 340 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
• स्वामी विवेकानंद

पेज @3 उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छः पुलिसकर्मियों को 'कानिस्टेबल ऑफ...
पेज @4 जयपुर की तर्ज पर दिल्ली में भी सेंटर फॉर एक्सीलेंस की योजना...
पेज @8 जयपुर टाइगर फेस्टिवल: पुरस्कार पाकर खिले प्रतिभागियों के चेहरे...

# माटी कला बोर्ड की बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा

## माटी कला समाज राष्ट्रहित में काम करने के लिए सदैव तत्पर : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर, 6 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि माटी कला समाज के लोग सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्रहित में काम करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस समाज के लोगों को प्रजापत की संज्ञा दी जाती है क्योंकि वे मिट्टी को अपने हुनर के माध्यम से मूर्तरूप प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेज, संतुलित एवं समावेशी बनाने के लिए कला एवं कलाकारों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा में माटी कला बोर्ड के प्रतिनिधिमण्डल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पहले ही बजट में हर क्षेत्र और हर वर्ग की आकांक्षाओं और उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश की है। बजट को लेकर पूरे प्रदेश में चर्चा है तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली में ही हमारे जन सेवा के कार्यों की सार्थकता निहित है।





### कलाकारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार माटी कला से जुड़े कलाकारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा 5 करोड़ रुपये की लागत से माटी कला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, माटी कलाकारों को एक हजार इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनें, हैण्डलूम, हैंडीक्राफ्ट एवं एमएसएमई सेक्टर के 50 क्लस्टर अगले तीन साल में विकसित करने जैसे निर्णय किए गए हैं। साथ ही, राज्य के प्रत्येक जिले को एक्सपोर्ट हब बनाया जाएगा, इसके लिए राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रॉडक्ट पॉलिसी 2024 लाई जाएगी।

शर्मा ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18 व्यवसायों के दस्तकारों को 5 प्रतिशत की दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार ऐसे ऋणों पर 2 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज अनुदान देगी। उन्होंने कहा कि रोजगार व निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई पॉलिसी-2024 लायी जाएगी। हमारी सरकार ने उद्यमियों को देश-विदेश में अपने उत्पादों की बिक्री में आवशयक मदद देने के लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इन सभी योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमें अपने नागरिक कर्तव्यों को निभाते हुए आस-पड़ोस में रह रहे प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया। श्री शर्मा ने सभी लोगों का आ''ान किया कि पर्यावरण संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभाते हुए इस अभियान का हिस्सा बनें तथा पेड़ लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करें।

इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का बजटीय घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बोर्ड के पदाधिकारियों ने शर्मा को माटी के बर्तन तथा किन्नू का पौधा भेंट स्वरूप दिया। इस अवसर पर श्री यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

**न्यूज़ अपडेट**

### लुधियाना में स्कूल बस पेड़ से टकराई, हादसे में एक बच्चे की मौत, 5 छात्र घायल

**लुधियाना/एजेंसी।** पंजाब के लुधियाना के अंतर्गत जगराओं में मंगलवार को एक हादसा हो गया। सुबह 7:30 बजे करीब रायकोट से जगराओं आ रही एक प्राइवेट स्कूल की वैन साइंस कॉलेज के नजदीक बेकाबू होकर वृक्ष से जा टकराई। इस हादसे में 6 वर्ष के बच्चे की मौत हो गई, जबकि 5 बच्चे घायल हो गए। सभी घायल छात्रों को जगराओं के प्राइवेट कल्याणी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल करवाया गया है। जानकारी के अनुसार जगराओं के एक प्राइवेट स्कूल की वैन गांव अखाड़ा डला आदि गांवों से स्कूल में पढने वाले बच्चों को लेकर स्कूल के लिए आ रही थी। साइंस कॉलेज के नजदीक बस बेकाबू होकर पहले कंडक्टर साइड वृक्ष में लगी और वहां से ड्राइवर ने जब तेजी से बस को कट मारा तो बस सामने साइड वृक्ष के साथ ड्राइवर साइड जा टकराई। इसी दौरान जब ड्राइवर ने बस को एक दम तेज कट मारा तो बस में आगे की सीटों पर बैठा हुआ 6 वर्ष का बच्चा गुरमन सिंह पुत्र सतनाम सिंह गांव अखाडा जो की स्कूल में पहली कक्षा का छात्र था।

### अवैध संबंधों के चलते मां ने अपनी नाबालिग बेटी को उतारा मौत के घाट

**मोहाली/एजेंसी।** पंजाब में मोहाली जिला के शामपुर गांव में सोमवार को एक मां ने अपने नाजायज संबंधों के चलते अपनी नाबालिग पुत्री को जहर देने के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी महिला अंग्रेज कौर का पति सेना में है और उसके गांव के ही रिश्तेदार के साथ नाजायज संबंध थे, जिसकी जानकारी उसकी पुत्री प्रीत कौर (13) को हो गयी थी।

इसके चलते उसकी मां ने पुत्री को पहले जहर दिया और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपनी पुत्री के शव का अंतिम संस्कार कर दिया और फरार हो गई। मोहाली पुलिस ने आरोपी महिला और उसके फरारी प्रेमी को गिरफ्तार करने के लिए कारवाई शुरू कर दी है।

## अगला टारगेट मुकेश अंबानी, एमपी में मिली धमकी वाली पर्ची से मचा हड़कंप

नई दिल्ली/एजेंसी।

ग्वालियर में आज अचलेश्वर महादेव की दान पेटी खोलने के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब दान पेटी में मुकेश धीरूभाई अंबानी को धमकी दी गई। जब दान की रकम की गिनती की गई तो एक स्टांप पर लिख हुआ था कि मेरा अगला टार्गेट मुकेश धीरूबाई अंबानी। स्टांप पर पता भी लिखा हुआ है, जिसमें मनोज शर्मा पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा निवासी बालाजी विहार गुढ़ी गुढ़ा का नाका, कंपू ग्वालियर लिखा हुआ है। स्टांप निकलने के बाद मंदिर प्रबंधन ने इसे पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह स्टांप तब निकला जब अचलेश्वर महादेव मंदिर की दान पेटियों में आए दान की रकम की गिनती की जा रही



थी। अचलेश्वर संचालन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्च न्यायालय एनके मोदी के निर्देशन पर बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मंदिर में लगे चौदह दानपात्रों के ताले खोले गए। गिनती के लिए पहले नोटों को छांटकर उनकी गड्डियां बनाई गईं। उसके बाद नोटों की गिनती की गई। मंदिर के प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस माह चढ़ौत्री के रूप में छह लाख 53 हजार 450 रुपये की राशि निकली है।

## मुख्यमंत्री ने देखी 'स्वातंर्त्य वीर सावरकर' फिल्म

### वीर सावरकर का जीवन हमारे लिए प्रेरणापुंज: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 06 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने मंत्री परिषद के सदस्यों एवं विधायकों के साथ मंगलवार को जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित 'एंटरटेनमेंट पैराडाइज' मल्टीप्लेक्स में महान स्वतंत्रता सेनानी श्री विनायक दामोदर सावरकर के संघर्ष एवं बलिदान पर आधारित फिल्म 'स्वातंर्त्य वीर सावरकर' की स्पेशल स्क्रीनिंग देखी।

मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महान स्वन्त्रता सेनानी श्री वीर सावरकर का जीवन राष्ट्र को पूर्ण रूप से समर्पित था। उन्होंने देश की स्वन्तंत्रता के लिए संघर्ष किया, कई यातनाएं झेली, दो बार आजीवन कारावास की सजा काटी और कालापानी की सजा को भी भुगता। उनका संघर्ष हम सब के लिए प्रेरणापुंज है। आज उनके जीवन पर आधारित फिल्म देखने का मुझे सुअवसर मिला है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौर भी उपस्थित रहे। एंटरटेनमेंट पैराडाइज पहुंचने पर वहां मौजूद विधायकों एवं अन्य ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। फिल्म देखने के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रीगण औए विधायकगण के साथ मल्टीप्लेक्स परिसर में आयोजित रात्रिभोज में शिरकत की।



## सिख समाज के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा

# सिख योद्धाओं की वीरता और बलिदान इतिहास में अनमोल,प्रदेश के विकास में भी सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 6 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिख धर्म हमें जीवन में सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत को अपनाने की सीख देता है। यह सिद्धांत हमें आत्मनिर्भरता और कर्मठता का महत्व भी समझाता है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय द्वारा गुरूद्वारों में निःशुल्क भोजन सेवा उनके सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रदेश के विकास में भी सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान है।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिख समाज से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु नानकदेव जी ने जात-पात और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और सभी मनुष्यों को एक समान बताया। सिख धर्म में स्त्रियों और पुरुषों के बीच समानता पर भी जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धर्म हमें दूसरों की रक्षा का पाठ भी पढ़ाता है। सिख योद्धाओं की वीरता और बलिदान इतिहास में अनमोल है। जब-जब भी देश पर आतातायियों का आक्रमण हुआ सिख समाज ने मजबूती के साथ उनका मुकाबला किया।





मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के बजट में हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए घोषणाएं की हैं। प्रदेश के धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी इस बजट में प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली बाईपास स्थित तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा-जयपुर तथा बुड्डा जोहड़ गुरुद्वारा-अनूपगढ़ में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विकास कार्य करवाए जाएंगे।

शर्मा ने कहा कि सिख गुरूओं ने अपनी वाणी से समाज के वंचित और असहाय वर्ग की सेवा का संदेश दिया है। उनके संदेश को अपनाते हुए हमें आस-पास के ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सरोकार में भागीदारी करने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमें प्रेरणा दी है। उनके द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 7 अगस्त को प्रदेश में 1 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। शर्मा ने सिख समाज के लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें पगड़ी बांधी तथा गुरू गोविंद सिंह जी की तस्वीर व तलवार भेंट की। कार्यक्रम में विधायक गुरवीर सिंह सहित राज्य के विभिन्न गुरूद्वारों के प्रधान, जत्थेदार एवं सिख समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बंगलादेश में सियासी तबाही

भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान देकर बंगलादेश का निर्माण कराया था। यहां के लोगों को पाकिस्तान के कहर से बचाया था। लेकिन बंगलादेश में कट्टरपंथी सदैव अस्तित्व में रहे। समय-समय पर वह सिर उठाते रहे हैं। ऐसे ही तत्वों ने बंगलादेश के राष्ट्रपिता मुजुबुर्रमान को उनके अनेक परिजनों के साथ मौत के घाट उतार दिया था। उनकी पुत्री शेख हसीना और उनकी बहन वहां नहीं थीं। इसलिए बच गईं। उनको भी बहुत यातना देखनी पड़ी। शेख हसीना बंगलादेश के उन लोगों में रहीं जो भारतीय सेना के एहसान को मानते थे। दूसरी तरफ भारत विरोधी पार्टियां थीं। शेख हसीना के शासन में भारत बंगलादेश के संबंध ठीक रहे। जबकि उनके विरोधी कट्टरपंथियों के हाथ में खेलते रहे। नरेंद्र मोदी और शेख हसीना ने दोनों देशों के आपसी सहयोग को बुलंदी पर पहुंचाया। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध रखने का विचार व्यक्त किया था। इस दिशा में उन्होंने यथासंभव प्रयास किए थे। उनके इन प्रयासों में पाकिस्तान और चीन भी शामिल थे। यह सच है कि विदेश नीति में विचार के साथ व्यवहार का भी महत्व होता है। संबंधित देशों को नेक नीयत दिखानी होती है, लेकिन पाकिस्तान और चीन की फितरत में यह बात शामिल नहीं है। पाकिस्तान सीमा पार के आतंकवाद को छोड़ नहीं सका। चीन को सीमा पर तनाव बनाए रखना पसंद है। जाहिर है ऐसे देश भारत के शांति और सौहार्द संबंधी विचारों को समझ ही नहीं सकते। यह राहत की बात है कि पड़ोसियों से बेहतर संबंध रखने की भारतीय नीति पर बंगलादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार को विश्वास है। इससे बंगलादेश को बड़ा लाभ हुआ। सीमावर्ती कुशियारा नदी जल बंटवारे पर समझौते से भारत में दक्षिणी असम और बंगलादेश में सिलहट क्षेत्र को लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ। भारतीय रेल बंगलादेशी रेल कर्मियों को प्रशिक्षण एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में मदद कर रही है। भारत की न्यायिक अकादमी बंगलादेश के न्यायिक अधिकारियों को भारत में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। सीएसआइआर और बंगलादेश के सीएसआइआर के बीच विज्ञान एवं तकनीक सहयोग प्रगति पर है। न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड और जापानी अंतरिक्ष एजेंसी के बीच सहयोग के अंतर्गत भारत बंगलादेश की मदद कर रहा है। प्रसार भारती और बंगलादेश टेलीविजन एक-दूसरे के कार्यक्रमों का प्रसारण कर रहे थे। 2019 के समझौते को विस्तार दिया गया। इसके अलावा फ्रेट मैनेजमेंट सिस्टम और अन्य आइटी आधारित क्षमताओं को बढ़ाने में भारत बंगलादेश को मदद कर रहा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग में बहुत बढ़ोतरी हुई। दोनों देश आतंकवाद और कट्टरवाद के खिलाफ सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमत हुए थे। बंगलादेश निर्माण की भावना को जीवंत रखने के लिए भी यह सहयोग बहुत आवश्यक था। दोनों देश ऐसी शक्तियों का मिलकर मुकाबला कर रहे थे, जो हमारे आपसी विश्वास पर आघात करना चाहती हैं। 54 नदियां भारत-बांग्लादेश सीमा से गुजरती हैं। ये नदियां दोनों देशों के लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ी हैं। तीस्ता नदी जल बंटवारे मामले का भी सर्व सम्मति से हल का प्रयास किया गया। रोहिंग्या घुसपैठिए दोनों देशों के लिए समस्या बन रहे थे। शांति बनाए रखने के लिए दोनों देशों ने मिलकर इसका भी हल करने की नीति बनाई। बंगलादेश भारत का सबसे बड़ा विकास भागीदार बना। मधुर रिश्ते ही देशों के बीच कारोबार को बढ़ाने का आधार बनते हैं। आपसी सौहार्द की बदौलत ही भारत बंगलादेश का बाजार बना। दोनों देशों को आपसी व्यापार और बढ़ाने के लिए जल, रेल तथा हवाई संपर्क बढ़ाने पर जोर रहा। इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार में सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। परिवहन संपर्क बढ़ाकर भारत की योजना को तीस अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य था। भारत-बंगलादेश के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए तीन यात्री ट्रेनें- मिताली एक्सप्रेस, मैत्री एक्सप्रेस और बंधन एक्सप्रेस चलाने पर सहमति हुईं। भारत बंगलादेश का चिकित्सा हब भी बन रहा है। इलाज के लिए पड़ोसी देश की पहली पसंद भारत है। कोरोना काल में तीन लाख बंगलादेशी लोगों ने मेडिकल वीजा हासिल कर भारत में इलाज कराया। भारत और बंगलादेश बहुत जल्द सीईपीए यानी समग्र आर्थिक भागीदारी समझौता पर सहमत हुए। नरेंद्र मोदी विशेष अवसर पर बंगलादेश की यात्रा पर गए थे। तब बंगलादेश ने अपनी आजादी की 50वीं वर्षगांठ मनाने के साथ ही बंगलादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म शताब्दी पर समारोह भी आयोजित किए थे। आज उसी बंगलादेश में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। बंगलादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे पर बवाल शुरू हुआ था। प्रदर्शनकारी इस कथित विवादास्पद रिजर्वेशन सिस्टम को खत्म करने की मांग कर थे, जिसके तहत बंगलादेश मुक्ति संग्राम 1971 में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में तीस प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा। सत्ता पर सेनाध्यक्ष जनरल वकार उज-जमान का नियंत्रण है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा भड़क उठी है। देश में अराजकता के हालात हैं। इस हिंसा का मुख्य निशाना हिंदू समुदाय बन रहा है, जिनके घरों और मंदिरों पर हमले किए जा रहे हैं। हसीना के इस्तीफे के बाद उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता के कारण यह हिंसा भड़की है। हिंदू समुदाय के लोग डरे हुए हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी चिंतित है। भारत में भी इस मुद्दे पर चिंता बनी हुई है।

शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जाय ने दावा किया है कि उनकी मां अब राजनीतिक वापसी नहीं करेंगी। पूर्व आधिकारिक सलाहकार सजीब ने सोमवार को बताया कि उनकी मां हसीना ने परिवार के आग्रह पर अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़ा है।

जाय ने अपनी मां के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा, जब हसीना ने देश की सत्ता संभाली तो बंगलादेश गरीब देश हुआ करता था। आज इसे एशिया के उभरते देशों में से एक माना जाता है। शेख हसीना का तख्तपलट होने और देश छोड़ने के बाद जहां सेना ने सत्ता संभाल ली है। वहीं देशभर में अराजकता और हिंसा के बीच राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं। यह कट्टर पंथियों की मांग थी। जाहिर है कि बंगलादेश कट्टरपंथियों के चंगुल में जकड़ गया है।

# निरंकुशता के कारण हसीना का निष्कासन



ललित गर्ग

बंगलादेश में जनभावना को दबाने एवं अनसुना करने से पनपे विद्रोह, आक्रोश एवं विरोध की निष्पत्ति है शेख हसीना सरकार का पतन। लंबे समय से चला आ रहा आरक्षण विरोधी आंदोलन का आक्रोश उग्रतम होता गया, मगर इस आक्रोश की बुनियाद सात माह पूर्व हुए चुनाव में अनियमितताओं के बाद ही पड़ गई थी। हाल के दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल, इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह एवं निरंकुश बनना बड़ा कारण रहा। जनभावनाओं को कुचला जाना एवं अनसुना करने के कारण ही हसीना को आनन-फानन देश छोड़कर भारत आने के लिए विवश होना पड़ा। उससे यही पता चलता है कि हालात किस कदर उनके खिलाफ हो गए थे। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि उनका इस्तीफा मांग रहे बगावती प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास में घुसकर तो तोड़फोड़ की ही, उनके पिता एवं बंगलादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के साथ उनके नाम पर बने एक संग्रहालय को भी जला दिया। बंगलादेश बेहाल हो गया, हिंसक एवं अराजक घटनाएं कहर बन कर हसीना के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा रही थी। जैसी आशंका थी, शेख हसीना के पलायन करते ही सेना ने सत्ता संभाल ली और मिली-जुली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की। शायद सेना इसकी तैयारी पहले से कर रही थी। भारतीय उपमहाद्वीप के श्रीलंका, नेपाल के बाद अब बंगलादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति भारत सरकार को सतर्क एवं सावधान रहने के साथ अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

जब-जब जिन-जिन देशों में जनता की आवाज को दबाया गया, एक विस्फोटक स्थिति बनी, क्रांति का शंखनाद हुआ। मान्य सिद्धांत है कि आदर्श ऊपर से आते हैं, क्रांति नीचे से होती है। बंगलादेश में क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी यही स्थिति बना कि ऊपर से आदर्श की स्थितियों पर धुंधलका छाने लगा तो क्रांति नीचे से होने लगी, बंगलादेश हिंसा की आग में झुलसने लगा, आगजनी, तोड़फोड़, हिंसक प्रदर्शनों में सैकड़ों लोग मारे गये, सरकारी संपत्ति का भारी नुकसान हुआ। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश एवं जनता के विद्रोह को हल्के में लिया। वास्तव में हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। जिससे बंगलादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव एवं घाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। चूंकि शेख हसीना



ने अपने लंबे शासनकाल में बंगलादेश को स्थिरता प्रदान की और उसे आगे बढ़ाया, इसलिए उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ समय पहले आरक्षण के खिलाफ छात्रों की ओर से शुरू हुआ आंदोलन उनके लिए मुसीबत बन गया। इस आंदोलन को शीघ्र ही शेख हसीना के सभी विरोधियों और साथ ही ऐसे कट्टरपंथी संगठनों ने भी समर्थन दे दिया, जो पाकिस्तान की कठपुतली माने जाते हैं। इसके चलते आरक्षण विरोधी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के हिंसक अभियान में बदल गया। निश्चित ही पाक परस्त राजनीतिक दलों ने इस आक्रोश को अपने लिये सत्ता का रास्ता बनाने में इस्तेमाल किया, लेकिन इस संकट को शह देने में कई विदेशी ताकतें भी पीछे नहीं रही। शेख हसीना लगातार चौथी बार सत्ता में तो आई, लेकिन विपक्षी दल जनता में यह संदेश देने में कामयाब रहे कि चुनावों में धांधली हुई है। इस तरह चुनावों के संदिग्ध तौर-तरीकों ने शेख हसीना की जीत को धूमिल कर दिया। जिसका अंतरराष्ट्रीय जगत में भी अच्छा संदेश नहीं गया। तभी पिछले महीनों में अपनी सरकार के लिये अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने हेतु शेख हसीना ने भारत व चीन की यात्रा की थी। हालांकि, इस दौरान देश में स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थी। बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच संतुलन साधने की शेख हसीना की नीति से चीन भी उनसे रुष्ट था और इसी कारण उन्हें हाल की अपनी चीन यात्रा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा था। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बंगलादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। हालांकि, शेख हसीना के खिलाफ उपजे आक्रोश के मूल में तात्कालिक कारण अतार्किक एवं असंगत आरक्षण ही रहा, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल व उनके आनुषंगिक संगठन सरकार को उखाड़ने के लिये बाकायदा मुहिम चलाये हुए थे। दरअसल, वर्ष 1971 में बंगलादेश को पाकिस्तान के दमनकारी शासन से आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की तीसरी पीढ़ी के रिश्तेदारों के लिये उच्च सरकारी पदों वाली नौकरियों में तीस प्रतिशत आरक्षण का विरोध छात्रों ने किया। उनका तर्क था कि उनकी कई पीढ़ियां आरक्षण का लाभ उठा चुकी हैं, फलतः बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। लेकिन इस आंदोलन को हसीना सरकार ढंग से संभाल नहीं पायी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया था, लेकिन सरकार इस संदेश को जनता में सही ढंग से नहीं पहुंचा सकी। फिर छात्र नेताओं की गिरफ्तारी ने आंदोलन को उग्र बना दिया। जनाक्रोश के चरम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आक्रामक भीड़ ने मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व करने वाले 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति तक को तोड़ दिया। निस्संदेह, सत्ता से चिपके रहने के लिये किए जाने वाले निरंकुश शासन की परिणति जनाक्रोश एवं जनान्दोलन के चरम के रूप में सामने आता ही है।

ताजा घटनाक्रम एवं हिंसक आंधी श्रीलंका में 2022 के विरोध प्रदर्शन की याद ताजा कर गया, जिसमें वहां राजपक्षे बंधुओं को सत्ता से उतरकर विदेश भागने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, फिलहाल बंगलादेश में सेना ने कमान अपने हाथ में ली है लेकिन आने वाली सरकार को उच्च बेरोजगारी, आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति जैसे ज्वलंत मुद्दों का समाधान करना होगा। नयी व्यवस्था एवं सोच में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन हो, विदेशी ताकतों विशेषतः पाकिस्तान की कठपुतली बनने से बचना होगा। हालांकि, भारत के हसीना सरकार से मधुर संबंध थे, भारत बंगलादेश का सबसे करीबी, सहयोगी और दुख के दिनों का साथी रहा है। शेख हसीना बंगलादेश के बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं। 1975 में परिवार के ज्यादातर सदस्यों के साथ एक सैन्य तख्तापलट में उनकी मौत हो गई थी। लेकिन शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना उस वक्त जर्मनी में थी।

इसलिए जिंदा बच गई थी। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने शेख हसीना और उनकी बहन को भारत बुलाया था एवं संरक्षण प्रदान किया था। लेकिन हालिया उथल-पुथल को देखते हुए हमें अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। पाकिस्तान परस्त बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी की आसन्न वापसी भारत के लिये सावधान होकर अग्र-स्थितियों पर गंभीरता से ध्यान देने की है। बंगलादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस देश के अंतरिम प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बताया जा रहा है कि शेख हसीना का विरोध कर रहे छात्रों ने मोहम्मद यूनुस के नाम का समर्थन किया है। शेख हसीना और यूनुस का आपस में बहुत तनाव रहता था। अब यूनुस से उम्मीद की जा रही है कि वह देश को स्थिरता की ओर ले जा सकते हैं। भारत पड़ोसी देश के नाते बंगलादेश में स्थिरता, शांति एवं सौहार्दपूर्ण स्थितियों की कामना करता है।

# राष्ट्रबोध से ही राष्ट्र समृद्धि यात्रा सार्थक होगी, कर्तव्यबोध के साथ शत्रुबोध भी आवश्यक



रमेश शर्मा

किसी भी राष्ट्र की समृद्धि यात्रा उसके निवासियों की अंतर्चेतना में दायित्व और कर्तव्यबोध के साथ उन शत्रुओं का बोध भी आवश्यक है जो राष्ट्र के आधार को क्षति पहुंचाने के लिए सक्रिय रहते हैं। यह व्यापक दृष्टि ही राष्ट्रबोध की संपूर्णता है। वस्तुतः किसी एक दिशा में दौड़ने से जीवन सार्थक नहीं होता। सफलता के लिए बहुदर्शी होना चाहिए है। जैसे यात्रा के लिए हम केवल वाहन की गति नहीं देखते, मार्ग की अनुकूलता, दिशा बोध और बाधाओं का आकलन भी करते है। यही चिंतन राष्ट्र समृद्धि यात्रा का है। राष्ट्र का निर्माण केवल नारे लगाने से नहीं होता। राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिकों के समग्र चिंतन और प्रयत्नों की निरंतरता से होता है। निसंदेह राष्ट्र समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका शासक के नीति निर्णयों की होती है। पर इससे कहीं अधिक नागरिकों की अंतर्चेतना में राष्ट्रबोध महत्वपूर्ण होता है। नागरिकों की अंतर्चेतना की संकल्पना राष्ट्र को भी प्रभावित करती है और शासकों के नीति निर्णयों को भी। राष्ट्र में कुल चार प्रकार के नागरिक होते हैं। एक जिनका पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित होता है। वे पुरुषार्थ करते हैं, परिश्रम करते हैं उपलब्धियां की ऊंचाई पर भी पहुंचते हैं पर स्वयं को निमित्त मानकर कहते हैं- इसमें मेरा कुछ नहीं, सब राष्ट्र को समर्पित है। दूसरे वे जिनमें दायित्व वोध और कर्तव्यबोध तो होता है, वे राष्ट्र की प्रगति समृद्धि भी चाहते हैं लेकिन उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र नहीं व्यक्तिगत हित होता है। तीसरे वे जो प्रत्यक्ष और परोक्ष राष्ट्र की प्राथमिकता, प्रतिष्ठा और राष्ट्रभाव को क्षति पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं और चौथे केवल दर्शक दीर्घा में होते हैं। इन्हें न दायित्व बोध होता है, न कर्तव्यबोध। वे भ्रांत धारणाओं में जीते हैं, अपनी न्यूनतम आवश्यकता अथवा व्यसनों की आपूर्ति में ही डूबे रहते हैं और ये भीड़ के अनुगामी हो जाते हैं। राष्ट्र की समृद्धि और भविष्य की यात्रा के लिये इन चारों प्रकार के नागरिकों की पहचान और उसके अनुरूप इनसे व्यवहार आवश्यक है। राष्ट्रबोध और राष्ट्र की अवधारणाः राष्ट्र की अवधारणा सबसे पहले भारत में विकसित हुई। संसार का चिंतन केवल देशों का निर्माण और उनकी राजनैतिक सीमाएं निर्धारित करने तक सीमित रहा लेकिन भारत ने इससे बहुत आगे राष्ट्र के स्वरूप और समृद्धि का चिंतन किया। देश और राष्ट्र की अवधारणा में बहुत अंतर है। यह ठीक उसी प्रकार है जैसे शरीर के अंग और इन्द्रियां दृश्यमान होते हैं। वहीं चित्त, बुद्धि और आत्मा अदृश्यमान। यही अंतर देश और राष्ट्र में होता है। देश दृश्यमान होता है और राष्ट्र अदृश्यमान। राष्ट्र का यह अदृश्यमान स्वरूप नागरिकों की भावनात्मक चेतना में होता है। जिसे हम राष्ट्रभाव कह सकते हैं। इसकी झलक नागरिकों की सकारात्मक जीवन शैली और आदर्श चिंतन में होती है। इसे हम संस्कृति का संबोधन देते हैं। यह उच्च मानवीय मूल्यों और प्रकृति के अनुकूल आदर्शों का समन्वय जीवन की सतत प्रक्रिया है। इसका स्वरूप उभरने में शताब्दियां लग जाती हें। पीढ़ियां खप जाती हैं। यह संदेश हमें ऋग्वेद में मिलता है। ऋग्वेद ने "आ राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम" कहा तो यजुर्वेद ने "वयं राष्ट्रे जाग्रयाम" का आह्वान किया। अथर्ववेद ने "अभिवर्धताम पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम" कहा। वेदों में इनके अतिरिक्त और ऋचाएं भी हैं। इनमें राष्ट्र का आधार सत्य, ऋत, उद्यम, उग्र, दीक्षा, तप, ब्रह्म और यज्ञ को माना है। यदि केवल इन तीन ऋचाओं का संदेश समझें तो इनमें एक ओर शूरवीर एवं महारथी शासक होने की अपेक्षा है तो वहीं सामान्य जनों से जागरूक होने और जागरूक करने का आह्वान है। वह भी धन-धान्य से परिपूर्ण। यह एक ऐसे राष्ट्र की संकल्पना है जिसके नागरिक और शासक दोनों उच्च मानवीय आदर्शों के साथ सशक्त और समृद्ध हों। यही झलक हमें भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और जीवनशैली में मिलती है। अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण के साथ जीवन यात्रा। इसकी निरंतरता ही तो राष्ट्रबोध है। इस सांस्कृतिक चेतना और मानवीय मूल्यों की झलक भारतीय जीवन शैली में प्रतिदिन मिलती है। प्राणियों में सद्भाव और विश्व के कल्याण की प्रार्थना, चींटी से लेकर हाथी तक और मामूली दूब से लेकर विशाल वटवृक्ष तक सबकी सुरक्षा, सत्य, अहिंसा, परिश्रम, पुरुषार्थ, परहित और सकारात्मक चिंतन इसका प्रमाण हैं। हम अर्थ और काम दोनों में धर्म से संतुलन बनाते हैं। यह सांस्कृतिक चेतना ही राष्ट्रबोध है और भारत राष्ट्र की केन्द्रीभूत शक्ति भी। पिछले डेढ़ हजार वर्षों पूरे संसार का स्वरूप बदल गया। देशों के नाम बदले, आकार बदले उनके अपने मौलिक राष्ट्रतत्व कोई पता नहीं। जबकि भारत ने एक लंबी अंधकार भरी रात देखी है। जैसा दमन, विध्वंस और सामूहिक नरसंहार का तांडव भारत में हुआ, वैसा उदाहरण कहीं नहीं। फिर भी भारत राष्ट्र का मूलतत्व सजीव है और अब पुनः पल्लवित होकर आकाश छूने की अंगड़ाई ले रहा है। इसका आधार भारतीयों की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रबोध ही है। संस्कृति के प्राकृतिक तत्वों का सतत प्रवाहमान रहना और उनकी सुरक्षित निरंतरता की चेतना ही राष्ट्रबोध है। राष्ट्रमित्र और राष्ट्रशत्रु की पहचान भी आवश्यकः प्रकृति में दो प्रकार की वनस्पति होती हैं। एक आरोग्य और जीवन की सहायक और दूसरी जीवन के लिए घातक। हम दोनों की पहचान करके अपना व्यवहार निश्चित करते हैं। अनुकूल वनस्पति के निकट और घातक वनस्पति से सावधान रहते हैं। यह अलग बात है कि मनुष्य घातक वनस्पति का शोधन करके औषधि बनाना सीख गया है। लेकिन जब तक शोधन नहीं होता तब तक घातक वनस्पति से सावधानी रखी जाती है। मानवीय प्रकृति में भी ये दोनों धाराएं होती है। एक राष्ट्र, संस्कृति, परंपराओं और मानवीय मूल्यों के लिये समर्पित और दूसरी इन संस्कृति और परंपराओं के लिए घातक। भारतीय राष्ट्रतत्व में सत्य अहिंसा, शांति, सद्भाव, समन्वय, समरसता और सामूहिकता को प्रधानता है। इसके अनुरूप आचरण करने वाले नागरिकों राष्ट्रमित्र कहा जाता है। इसके विपरीत अशांति, असत्य, हिंसा क्रूरता, वैमस्यता, बिखराव और प्रगति में अवरोध उत्पन्न करने वाली मानसिकता के नागरिकों को राष्ट्रशत्रु की पंक्ति में माना जा सकता है। इस मानसिकता के लोग हर युग में रहे हैं। वैदिककाल में भी और पुराणकाल में भी। तब इस मानसिकता के नागरिकों को असुर, दैत्य, राक्षस अथवा दानव कहा जाता था। पर समय के साथ राष्ट्रशत्रुओं की कार्यशैली में कुछ परिवर्तन आया। इसके उदाहरण सल्तनतकाल और अंग्रेजीकाल में मिलते हैं। राष्ट्रशत्रु दो प्रकार के हो गए। एक वे जो खुलकर राष्ट्र के विरुद्ध आचरण करते हैं, आक्रांताओं की पंक्ति में अग्रणी होते हैं और दूसरे वे छद्म नाम और रूप लेकर सहयोगी होने का दावा करके विश्वासघात करते हैं। मध्यकाल लगभग प्रत्येक युद्ध में इन दोनों प्रकार के राष्ट्रशत्रुओं की झलक देखी जा सकती है। स्वतंत्रता के बाद भी ये दोनों प्रकार के राष्ट्रशत्रुओं की सक्रियता देखी जा सकती है। स्वतंत्रता के बाद यदि शासनशैली में परिवर्तन आया तो इनकी कार्यशैली में भी परिवर्तन है। प्रगति की आधुनिक स्पर्धा में भारत अग्रणी होने का प्रयास कर रहा है। यदि भारत में शांति सद्भाव समन्वय और परस्पर सहयोग का वातावरण होगा तो विकास यात्रा की गति बढ़ेगी। लेकिन यदि विवाद तनाव और अशान्ति होगी तो गति अवरुद्ध होगी। यह अनुभव किया जा रहा है कि भारत में दोनों प्रकार की शक्तियां सक्रिय हैं एक वे जो खुलकर समाज में विभेद और विभाजन बीज बो रहे हैं और दूसरे अदृश्य रहकर कूटरचित प्रसंगों के माध्यम से इस अशान्ति फैलाना चाहते हैं। ये दोनों प्रकार के लोगों को राष्ट्रशत्रु की पंक्ति में मानना चाहिए। भारत की प्रगति यात्रा के लिए प्रकार के तत्वों पहचान होनी चाहिए। शासन स्तर पर भी और समाज के स्तर पर भी। भारत को पुनः अतीत के स्थान पर पुनर्प्रतिठित करने के लिए समाज को सक्रिय होना होगा। समाज की सक्रियता और सचेष्ट हुए बिना राष्ट्र शत्रुओं से भारत की मुक्ति संभव नहीं।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)**

# पाठ्य-पुस्तक 'पंखुड़ी' का मुख्य पृष्ठ और कक्षा तीन के बच्चे



प्रमोद दीक्षित मलय

2 अगस्त, 2024 की रात झमाझम बारिश से गांव की सड़क कीचड़ और गोबर से सनी हुई थी। मैं अतर्रा-नरैनी मुख्य मार्ग छोड़कर कार्य स्थल गांव की ओर मुड़ा ही था कि कीचड़ से बाइक फिसलते-फिसलते बची। पीछे बैठे शिक्षक साथी ने गीली जमीन पर अपने पांव मजबूती से जमा न दिये होते तो गिर ही गये थे। हमारे पैर कीचड़ से सराबोर थे, मेरे दाहिने पैर का सैंडल कीचड़ में कहीं गहरे घुस गुम हो गया था, ऊपर की जेब में रखी छोटी डायरी और पेन उछलकर कीचड़ के ढेर पर पड़े कराह रहे थे। अभी भी आसमान में बादल मंडरा रहे थे। कुछ काले पनीले बादल गांव के ऊपर झुक आये थे मानो कि अब बरसें कि तब। सैंडल खोज और पैरों को झटक कीचड़ साफ कर आगे बढ़े तो विद्यालय के बगल के नाले का पानी टूटी पुलिया को छूकर बहता मिला। सावधानी से पुलिया पार कर विद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंच देखा कि सामने के तालाब के भीटे से गेट तक एक सैकड़ा से अधिक गायें और कुछ बैल बैठे-खड़े मिले। पुलिया से विद्यालय तक 20 मीटर के कंक्रीट रास्ते पर भीटे की गीली चिकनी मिट्टी जमा थी, बाइक फिसली जा रही थी। गेट पर कुछ बच्चे और रसोईया प्रतीक्षा में थे, जल्दी से गेट खोला और अंदर प्रवेश किया कि तभी बादल बरस पड़े मानो हमारे सुरक्षित स्कूल पहुंच जाने का इंतजार कर थे।

मेरा पहला पीरियड कक्षा तीन में हिंदी भाषा का था। उस दिन मैं हिंदी पाठ्य पुस्तक 'पंखुड़ी' के पाठ 8 की कविता 'अगर पेड़ भी चलते होते' (कवि दिविक रमेश) पर बातचीत करने वाला था। दरअसल पढ़ाने को मैं एकतरफा शिक्षकीय निर्देश की बजाय हमेशा बच्चों से आपसी बातचीत या संवाद के रूप में ही देखता हूं। कक्षा में नामांकित 21 बच्चों में से मैंने चार-चार बच्चों के पांच समूह बना रखे हैं। हर महीने समूहों का पुनर्गठन होता है ताकि सभी बच्चों को एक-दूसरे के साथ काम करने और सीखने का अवसर मिलता रहे। छोटे समूहों पर काम करके फिर बड़े समूह यानी पूरी कक्षा के सामने प्रस्तुति और संवाद से विषय की पहुंच हर एक बच्चे तक बहुत स्पष्ट और सहजता से हो जाती है, ऐसा मेरा अनुभव रहा है। इस कविता के लिए भी मैंने कुछ गतिविधियां करवाने हेतु सभी समूह में अलग-अलग कार्यों का बंटवारा कर रखा था। पहले समूह को एक चार्ट पर साज-सज्जा के साथ कविता को लिखने का काम दिया गया था। दूसरे समूह को आर्ट पेपर पर कविता से संबंधित चित्र बना चार्ट पर चिपकाने थे। तीसरे समूह को कविता में आए कठिन शब्दों के अर्थ, विलोम और पर्यायवाची शब्दों पर काम करते हुए पाठ के अंत में दिए प्रश्नों सहित




बच्चों के समझ अनुसार उत्पन्न होने वाले अन्य प्रश्न और उनके उत्तर लिखने थे। चौथे समूह को परिवेश में पाए जाने वाले पेड़-पौधों के नाम लिख चित्र बनाते हुए उनके लाभ अंकित करने थे और पांचवें समूह को पुस्तकालय की पुस्तकों से वृक्षों के महत्व पर कुछ अन्य कविताएं चयन कर ए-4 पेपर में लिखकर चार्ट में चिपकानी थीं। इन सब काम के लिए कक्षाकक्ष की अलमारी में हमेशा सादे और लाइनदार ए-4 कागज, चार्ट, पटरी-पेंसिल-इरेजर, कलर, स्केच और मार्कर पेन, गोंद, सुतली, छोटी कीले आदि सामग्री उपलब्ध रहती है। थोड़ी सी अनौपचारिक बातचीत के बाद समूहों के साथ काम शुरू करने ही वाला था कि अंबिका देवी पाठ्य पुस्तक 'पंखुड़ी' लेकर मेरे पास आई और कवर में अंकित चित्र को दिखाकर पूछा कि यह सूरजमुखी का फूल है ना? मैंने सहमति में सिर हिलाया। तब वह बोली कि निराशा और सुनैना कह रही हैं कि यह बेला-चमेली के फूल हैं, तब तक वे दोनों भी मेज के निकट दौड़ कर पहुंच गईं और बोलीं कि उनके घर में इसी तरह के बेला-चमेली फूल हैं। मैंने उन्हें चमेली-बेला और सूरजमुखी के फूल मोबाइल पर दिखाए। तब तीनों संतुष्ट हो अपने स्थान पर बैठ गईं। तभी अरुण ने सवाल उछाला कि लड़की के हाथ के ऊपर उड़ रही दतैया (ततैया) क्या फूलों का रस पीने आई थी। लेकिन कक्ष के बायें कोने में पीछे बैठी काजल ने कहा कि यह तो मधुमक्खी है, तुम्हें इतना भी नहीं पता। सभी बच्चे उसकी बात से सहमति दिखा खिलखिला कर हंस पड़े। अरुण झेंप गया। सभी बच्चे तितली की बजाय उसे मधुमक्खी ही समझ रहे थे। मुझे लगा की कविता के पाठ पर काम करने की बजाय क्यों न आज हम लोग मुखपृष्ठ पर बातचीत करते हुए अपने परिवेश से जोड़ते हुए एक सामान्य समझ विकसित करें।

बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। मैंने मुखपृष्ठ दिखाते हुए कहा इस पूरे चित्र में क्या-क्या दिखाई पड़ रहा है? सभी बच्चों के हाथ उठ गए थे। मैंने प्रत्येक समूह से दो बच्चों को उत्तर देने के लिए निर्देशित किया। समूह एक से अंशिका बोली कि एक लड़की यूनिफॉर्म पहने हुए बालों में फीता बांधे हुए दिख रही है तो दूसरे छात्र गोपाल सिंह ने कहा कि इसमें आकाश का नीलापन और सूरज के उगने का पीलापन भी है। अगले समूह से पुष्पेन्द्र खड़ा हुआ और ऊपर दाहिनी ओर बने शिक्षा का अधिकार लोगो की ओर संकेत करते हुए कहा कि इस पेज में गिनती (अंक) भी लिखी है। इस समूह से ही एक लड़की अलका ने कहा कि एक लड़का और एक लड़की पेंसिल पर बैठे हुए हैं। मैंने कहा कि इस चित्र में लड़की ही आगे क्यों है? बच्चों के उत्तर मुझे चौंकाने वाले थे। लड़कियां बोल पड़ीं, क्योंकि लड़कियां पढ़ने-लिखने और सभी काम में में सबसे आगे हैं। पूरी कक्षा में हंसी का फव्वारा बिखर गया तभी एक लड़के ने हस्तक्षेप किया कि ऐसा नहीं है लड़के भी पढ़ने में होशियार और आगे रहते हैं। कोई किसी की बात को काट नहीं रहा था, यह मुझे अच्छा लगा। यह शायद उनके साथ पिछले वर्ष से किये जा रहे बातचीत के तौर तारीके का असर ही था। अगले समूह से एक पतली सी लड़की आराधना ने पूछा कि अगर यह मधुमक्खी नहीं है तो क्या है सर? मैंने कहा कि यह तितली है। तभी राधा तपाक से बोली कि तितली फूलों का रस पीती है क्या? मैंने कहा कि हां, और तितली का एक वीडियो नेट पर दिखाया जिसमें तितली अपने दो लंबे सुंड से फूलों का रस पी रही थी। मैं आगे बोला कि यदि मधुमक्खी और तितलियां न हों तो फैसलें उगाना लगभग सम्भव नहीं होगा। बच्चे आश्चर्यचकित थे क्योंकि वह परागण की प्रक्रिया से परिचित नहीं थे। मैंने बस इतना कहा कि तितली और मधुमक्खी द्वारा फूलों का रस चूसते समय उनके पैरों, पंखों और सुंड में परागकण चिपक जाते हैं और दूसरे फूल पर बैठने से उसमें चिपक जाते हैं तभी उनमें फल और दाने बनते हैं। बातचीत आगे और बढ़ती इसके पूर्व घंटी लग चुकी थी। मैंने उन्हें परिवेश में उगे फूलों को निकट से अवलोकन-निरीक्षण कर उनके नाम लिखने और तितली का चित्र बनाने का काम दिया और इसी तरह अन्य पुस्तकों के मुखपृष्ठ पर परस्पर बातचीत करने हेतु प्रेरित कर कक्षा से बाहर निकल गया। मैंने पलट कर देखा, बच्चे अपने बस्तों से दूसरी पुस्तकें निकाल उनके मुखपृष्ठ का अवलोकन कर रहे थे। कक्ष के बाहर उगा किशोर कदम्ब का पौधा मुस्कुराने लगा था।

**(लेखक शिक्षक एवं साहित्यकार हैं तथा शैक्षिक संवाद मंच के संस्थापक हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान एवं रेड एफएम द्वारा पौधारोपण अभियान

- वर्तमान परिदृश्य में पर्यावरण संरक्षण हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए: हुसैन खान



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ने रेड एफएम के साथ मिलकर महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल. गणपति नगर. रेलवे कॉलोनी. रेलवे स्टेशन के पास 500 पौधों का स्कूल के अध्यापकगण एवं बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण एवं पौधे वितरण का कार्य संपन्न किया. विशेष रूप से बच्चों में जागृति पैदा करने के लिए पौधारोपण का अभियान बहुत ही सफल एवं उत्साह जनक रहा. इस अवसर पर सभी बच्चों को होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान द्वारा शपथ दिलाई गई गई की जो भी पौधे बच्चों द्वारा लगाए जा रहे हैं. बड़े होने तक उनका ध्यान भी अध्यापकगण एवं बच्चों द्वारा ही रखा जाएगा .हुसैन खान ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य है. बचपन से ही बच्चों में पौधे लगाने एवं उनका ध्यान रखने की सोच डवलप होने कीआवश्यकता है. क्योंकि प्रतिदिन देश में जंगल खत्म होते जा रहे हैं शहरो का विस्तार बढ़ता जा रहा है फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह स्कूल की प्रिंसिपल विनीता एफएम के अंकित जी ने भी अपने विचार रखें.इस अवसर पर होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह कार्यकारिणी सदस्य अंशुल ग्रोवर, पीयूष गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे

### विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान में एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक का हुआ शुभारंभ





**चमकता राजस्थान। जयपुर !(खलील कुरैशी) 5 अगस्त।** भारत सरकार की नागर विमान सुरक्षा के तत्वाधान में इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकैडमी जयपुर स्थित एविएशन सिक्योरिटी ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक का शुभारंभ सोमवार को आईजी सुरक्षा राजस्थान राजेश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में किया गया।समारोह के शुभारंभ के अवसर पर आईजी मीणा ने बताया कि सोमवार 5 अगस्त से 11 अगस्त तक एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक मनाया जा रहा है। श्री मीणा ने इस अवसर पर वहां मौजूद हॉटल मेनेजमेन्ट के छात्रों को हवाई सुरक्षा के बारे में बताया।समारोह के दौरान वरिष्ठ नागरिक उड्यन सुरक्षा अधिकारी श्री ईश्वर सिंह द्वारा विमान यात्रा के दौरान केटरिंग सुरक्षा के बारे में व्याख्यान दिया गया समारोह में बीस-ीएएस से पधारे हुए अधिकारी, इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ हॉटल मेनेजमेन्ट के अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं तथा उप महानिरीक्षक पुलिस एवं निदेशक, एएसटीआई, राजस्थान श्री दीपक भार्गव सहित इन्टेलीजेंस प्रशिक्षण अकादमी जयपुर के प्रशिक्षणार्थी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम के अन्त में अकादमी निदेशक दीपक भार्गव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हज 2024 के दौरान भारतीय हाजियों की मदद के नाम पर पाकिस्तानी बजरंगी भाईजान के झूटे प्रचार का हज कमेटी ऑफ इंडिया ने कड़ा खंडन और निंदा की है।

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) नई दिल्ली।** हज कमेटी आफ़ इंडिया के सी. ई. ओ और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के निदेशक डॉ. लियाकत अली अफ़ाक़ी भा. रा. से ने इन दिनों सोशल मीडिया पर चल रही इस फर्जी खबर का पुरजोर खंडन और निंदा की है, जिसमें कहा गया है कि हज 2024 में भारतीय हाजियों की जान बचाने के लिए सऊदी अरब में एक पाकिस्तानी नागरिक के प्रयासों की सराहना करते हुए भारत सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री माननीय किरेन रिजिजू ने उन्हें प्रमाण पत्र जारी किया है। डॉ. अफाकी ने कहा कि इस खबर का पहला झूठ यह है कि हज 2024 में भारतीय हाजियों के साथ ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ. दूसरा भारत सरकार ने अपने हाजियों की मदद के लिए बड़ी संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, हज कोआर्डिनेटर, असिस्टेंट हज ऑफिसर, हज असिस्टेंट और खादिम-उल-हुज्जाज को सऊदी अरब भेजा था ।जिन्होंने भारतीय हाजियों की पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से मदद की थी । डॉ. अफ़ाक़ी ने कहा कि असामाजिक तत्वों सफल हज पॉलिसी को नुकसान पहुंचाने ओर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय व हज कमेटी ऑफ इंडिया को बदनाम करने के लिए एक तरफ ऐसी फर्जी खबरें और मनगढ़ंत बातें फैला रहे हैं दूसरी तरफ वे इन खबरों के सहारे लोगों को गुमराह कर के सस्ती प्रसिद्धि पाने की कोशिश कर रहे हैं। इस खबर के संबंध में डॉ. आफ़ाक़ी ने सभी लोगों को सूचित किया है कि यह खबर पूरी तरह से झूठी और प्रमाण पत्र फर्जी है। यह खबर गुमराह करने और दहशत फैलाने के इरादे से फैलाई गई है. भारत सरकार की ओर से सऊदी अरब में सभी भारतीय हाजियों के लिए उत्कृष्ट और उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी। आप सभी से अपील हैं कि झूठ पर आधारित इस खबर पर ध्यान न दें।

# उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छः पुलिसकर्मियों को 'कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ' के अवार्ड से सम्मानित

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 6 अगस्त।** जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने मंगलवार को पुलिस आयुक्तालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छः पुलिसकर्मियों को ₹कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ₹ के अवार्ड से सम्मानित किया।आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो एवं उन्हें त्वरित न्याय मिल सके, इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार से पुलिसकर्मियों के मनोबल में बढोतरी के साथ-साथ पुलिसकर्मी बेहतर व सराहनीय कार्य करने के प्रेरित होंगे। कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ अवार्ड की शुरूवात मार्च माह से की गयी थी।जुलाई माह 2024 का ₹कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ₹ पुरस्कार जिला पूर्व शंकर लाल कानि० 7740 कार्यालय पुलिस उपायुक्त पूर्व ने कुख्यात चैन स्नैचर को कोटखावदा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने के दौरान जानलेवा हमला में गंभीर रूप से घायल होने के उपरान्त भी मुल्जिमों को भागने नहीं देने का सराहनीय कार्य किया।जिला पश्चिम के इन्द्राजमल कानि0 6094 पुलिस थाना सदर ने दो अलग-अलग मुकदमों में धारा 303 (2) बीएनएस के मुल्जिमों की गिरफ्तारी करवाकर मुल्जिम के कब्जे से तीन मोबाईल फोन व गुमशुदा अन्य 15 मोबाईल फोन बरामद करवाये गये, इसके अलावा एक गुमशुदा लड़की को 24 घण्टे में दस्तयाब करवाया गया एवं एक अन्य मुकदमें में धारा 137 (2) बीएनएस में अपहता बालिका को शीघ्र दस्तयाब कराने का विशेष कार्य किया।जिला उत्तर के गिरधारी कानि0 9759 पुलिस थाना आमेर के द्वारा आमेर थाना क्षेत्र के ग्राम नटाटा में घर के बाहर सोये हुये बुजुर्ग महिला व बुजुर्ग के कान से सोने की मुर्किया छीनके ले जाने की घटना में वांछित बावरिया गैंग के 06 सदस्यों को पूर्णतया मानवीय आसूचना के आधार पर गिरफ्तार कराने का विशेष सराहनीय कार्य किया।जिला दक्षिण के रघुनाथ कानि0 10085 पुलिस थाना सोडाला ने महत्वपूर्ण कार्य करते हुये थाना क्षेत्र की सम्पूर्ण 33 बीटों को ई-साईन करवाने एवं इन 33 बीटों में 1981 से अब तक के अपराधियों का डाटा सीसीटीएनएस पर ऑनलाईन किया जाकर ई-साईन बीट का महत्वपूर्ण कार्य किया। कानि० ने पुलिस थाना सोडाला पर थाने का अपराधिक रिकार्ड मर्ज करवाने के साथ ही थाना क्षेत्र की समस्त बीट की फाईलों को संधारित करवाये जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।प्रेमसिंह कानि० 6070 यातायात शाखा ने स्कूली छात्र-छात्रओं के साथ आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देना एवं यातायात में नव पदस्थापित कार्मिकगण साथ-साथ होम गार्डस जवानों एवं ट्रेफिक मार्शल को यातायात संचालन का बेसिक प्रशिक्षण देने का सराहनीय कार्य किया। राजेश भारद्वाज कांस्टेबल 7112 कार्यालय चुनाव सेल आयुक्तालय जयपुर आयुक्तालय जयपुर के क्षेत्राधिकार में विधानसभा चुनाव 2023 एवं लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चुनाव सम्बंधी सूचनाऐं तैयार कर राज्य निर्वाचन आयोग एवं पुलिस मुख्यालय को समय पर भिजवाई एवं अवैध मादक पदार्थों के विकय एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार प्रभावी कार्यवाही करवाते हुये भारत निर्वाचन आयोग के ऐप ईएसएमएस पर सीजर्स की सूचनाएँ इन्द्राज कर रिपोर्ट भेजना एवं पुलिस डिप्लोयमेन्ट प्लान समय पर जारी करवाकर चुनाव शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है।

## बाडमेर में पटवारी 9 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी), 06 अगस्त, मंगलवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की बाडमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये भूराराम, पटवारी पटवार मण्डल बूठिया, अतिरिक्त चार्ज पटवार मण्डल सेतराउ तहसील रामसर जिला बाडमेर को परिवादी से 9 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की बाडमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी पुश्तैनी सामलाती कृषि भूमि की मौका रिपोर्ट तैयार कर कार्यालय में पेश करने की एवज में आरोपी भूराराम, पटवारी पटवार मण्डल बूठिया, अतिरिक्त चार्ज पटवार मण्डल सेतराउ तहसील रामसर जिला बाडमेर द्वारा 15 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरवीजन में एसीबी की बाडमेर इकाई के उप अधीक्षक पुलिस किशन सिंह चारण के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भूराराम, पटवारी पटवार मण्डल बूठिया, अतिरिक्त चार्ज पटवार मण्डल सेतराउ तहसील रामसर जिला बाडमेर को परिवादी से 9 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान परिवादी से 5 हजार रूपये रिश्वत अपने जानकार को जरिये फोन पे ट्रासफर कर वसूल कर लिये थे। एसीबी जयपुर की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७७ सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस के मौके पर जयपुर में आयोजित हुए विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम

### मोहम्मद आरीफ भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने चेहते नेता के जन्मदिवस अभिनंदन कार्यक्रम को बनाया यादगार

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर में कांग्रेस नेता मोहम्मद आरीफ भाटी ने राज्यसभा सांसद व अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस के मुबारक मौके पर अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर झोटवाड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहा पर 63 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ वहीं इन्द्रा कुष्ठ आश्रम व कच्ची बस्तियों में भोजन पैकेट वितरण किये गऐ साथ ही वृद्ध आश्रम में भोजन का आयोजन करवाया गया वही स्कूल व मदरसों में बच्चों को फल व दूध वितरण किया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानो पर वृक्षारोपण कर सामाजिक कार्यक्रमो व जन सेवा के माध्यम से प्रतापगढ़ी का जन्मदिवस को मनाया गया।

### 10 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस'

- जिले में 19 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी गोली'




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम,6 अगस्त।** बच्चों के पेट में कीड़े पडने से होने वाली बीमारियों पर नियंत्रण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान चलाकर बच्चों को दवा देगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि इस बार 10 अगस्त को 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों, मदरसों ओर कॉलेजों आदि में पढने वाले बच्चों को 'एल्बेंडाजॉल' की गोली दी जाएगी। डॉ. शेखावत ने बताया कि बच्चों में पेट के कीड़ों से कई तरह की बीमारियां हो जाती हैं, जिससे बच्चे शारीरिक रूप से खासे प्रभावित होते हैं, वहीं मानसिक रूप से भी पीड़ित हो जाते हैं। बच्चों में कृमि संक्रमण से उनमें खून की कमी, भूख नही लगना, बेचैनी, पेट में दर्द, उल्टी व दस्त और मल में खून आना जैसी अनेक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। यही वजह है कि चिकित्सा विभाग एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा देने का निर्णय लिया है, जो 10 अगस्त से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी संस्था में 1 से 19 साल तक के बच्चे अध्ययनरत हों, वहां ये दवाई खिलाई जाएगी। डिप्टी सीएमएचओ जयपुर प्रथम (प.क.) डॉ0 प्रवीण झरवाल ने बताया कि इस दिन सरकारी स्कूलों के अलावा निजी स्कूलों व मदरसों आदि में पढ़ाई कर रहे बच्चों को दवा दी जाएगी। राष्ट्रीय कृमि नियंत्रण दिवस पर कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजॉल स्कूलो और आंगनबाडी केन्द्रो के माध्यम से निःशुल्क दी जाएंगी। वंचित बच्चों को 17 अगस्त को मॉपअप दिवस पर यह दवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग के साथ-साथ इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का भी सहयोग रहेगा।

### बाल पाठशाला के बच्चों को वितरण की पाठ्य सामग्री




**चमकता राजस्थान।** भरतपुर,(राजवीर सिंह)। विजय नगर कॉलोनी निकट हीरा दास स्थित फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा संचालित निशुल्क बाल पाठशाला में श्रीमती प्रीति बंसल पत्नी अधिशासी अधिकारी श्री श्याम बिहारी गोयल के साथ यहां आने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ प्रीती बंसल ने यहां जरूरतमंद विद्यार्थी जो कुछ बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें पूरी सुविधा नहीं मिल पाती हैं उन जरूरतमंद बच्चों को पेन, कॉपी, रूल, रबड़, पेंसिल, स्केच आदि स्टेशनरी वितरण की। लक्ष्मी देवी गोयल ने बच्चों से संवाद किया जिसमें बच्चों से प्रश्न पूछे और बच्चों ने संतोष जनक जवाब दिया प्रीति बंसल ने बच्चों के साथ एक्टिविटी और उनके सुख सुविधा एवं शिक्षा के बारे में जाना समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह और संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक ने धन्यवाद प्रकट किया !

## राजस्थानी फिल्म म्हारो श्याम का हुआ मुहूर्त

### अभिनेत्री प्रिया राठौड़ और एनके मित्तल ने दिया मुहूर्त शॉट

चमकता राजस्थान





जयपुर!(खलील कुरैशी) 6 अगस्त। मित्तल मूवीज के बैनर तले बन रही राजस्थानी फ्लिम म्हारो श्याम का होटल गोल्डन ट्यूलिप में सोमवार को मुहूर्त किया गया। अभिनेत्री प्रिया राठौड़ और अभिनेता एन के मित्तल पर मुहूर्त शॉट फिल्माया गया। इस अवसर पर मुख्य मंत्री के पूर्व ओएसडी और वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी,चिकित्सा विभाग के संयुक्त आयुक्त डॉ. एस. एन. धौलपुरिया, सैंसर बोर्ड के पूर्व सदस्य रियाज फारूकी, फिल्म निर्माता एन के मित्तल, फ्लिम के लेखक संतोष निर्मल, फ्लिम के निर्देशक और अभिनेता मंजूर अली, केमरामैन जय तारी,साहिल खान,लखविंदर, नरवड़ शरीफ दरगाह के खादिम इमरान खान और साहित्य और संस्कृति से जुड़ी हस्तियां मौजूद रही।इस मौके पर मुख्य अतिथि फारूक आफरीदी ने राजस्थानी भाषा साहित्य और संस्कृति के उन्नयन में राजस्थानी फिल्मों के योगदान की चर्चा करते हुए राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता प्रदान करने और राजस्थानी फिल्मों को प्रोत्साहन और आर्थिक संबल की दृष्टि से अनुदान राशि बढ़ाने के बारे में विचार व्यक्त किए। दिनेश कुमार और रियाज फारूकी ने फिल्म निर्माता और पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी और सफलता की कामना की। फिल्म के गीत रफीक राजस्थानी के होंगे और संगीत राज सेन देंगे।

# जयपुर की तर्ज पर दिल्ली में भी सेंटर फॉर एक्सीलेंस की योजना

- **समाज की मांग पर विप्र फाउंडेशन कर रहा हैं विचार मंथन**
- **भामाशाह भी आए आगे**

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन जयपुर की तर्ज पर दिल्ली में भी सेंटर फॉर एक्सीलेंस भवन का निर्माण करवाएं ताकि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे समाज के युवाओं को कठिनाई न आएं। समाजजनों ने गोल्यावास में समाजसेवी छोटीलाल शर्मा निवास पर आयोजित बैठक में ये मांग विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा के समक्ष उठाई। विप्र फाउंडेशन समाज की इस मांग पर ही विचार मंथन कर रूपरेखा तैयार करने में जुटा हैं। इस दौरान दिल्ली में भवन के लिए दो दानदाताओं ने आगे आ 51 लाख और 11 लाख रुपए की घोषणा तक कर डाली। ओझा के साथ चर्चा में मौजूद अन्य समाजजनों ने भी अपना यथायोग्य योगदान का भरोसा दिलाया। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा के दो दिवसीय जयपुर प्रवास के दौरान समाजहित के अन्य विषयों पर भी अलग बैठकों में विचार विमर्श हुआ।

ओझा ने बताया कि विफा ने सुषुप्त विप्र चेतना को पुनर्जागृत किया है। ब्राह्मणों का गौरव बढ़ाया है। समाज में विश्वास पैदा किया है, इसीलिए समाज की संस्था से दिल्ली भवन की अपेक्षा जगी हैं। उन्होंने बताया कि संस्था ने अल्प समय में कोलकाता, सूरत, उदयपुर, अरुणाचल प्रदेश, जयपुर, भरतपुर, बीकानेर में संस्थानों का निर्माण व भूमि क्रय कर अभूतपूर्व कार्य किया है। वर्तमान प्रकल्पों के पूर्ण होने के बाद दिल्ली प्रोजेक्ट की दिशा में भी शीघ्र आगे बढ़ेंगे। पार्षद मुकेश शर्मा काका के निवास पर दिल्ली में भवन को लेकर उठी मांग के साथ 51 लाख श्याम शर्मा सांगानेर तथा 11 लाख रुपए संजय शर्मा ने घोषणा की। संजय शर्मा व विकास शर्मा ने जयपुर मे भवन के लिए भी एक-एक लाख रुपए के सहयोग की घोषणा की।

ओझा के साथ विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों नरेन्द्र हर्ष, सतीश चन्द्र जौंण, प्यारेलाल शर्मा, नवीन शर्मा, महेन्द्र कुमार शर्मा, महेश शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, अजय पारीक, मनोज पांडेय, सुशील पीरनगर, पुष्पेंद्र शर्मा के साथ बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन पर बैग में शव लेकर घूम रहा था शख्स, आरपीएफ ने किया गिरफ्तार




**मुंबई/एजेंसी।** महाराष्ट्र के दादर रेलवे स्टेशन पर एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से एक बैग से शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान दादर रेलवे स्टेशन पर गश्त पर निकले थे। तभी आरपीएफ जवानों की नजर एक ट्रैवल बैग पर पड़ी जिसे एक व्यक्ति लेकर जा रहा था। शख्स की हरकतें संदिग्ध होने पर आरपीएफ के जवानों ने उसे रोका और बैग की तलाशी ली। ट्रैवल बैग को खोलते ही आरपीएफ के जवानों के होश उड़ गए। बैग में खून से लथपथ हालत में एक शव मिला। रेलवे सुरक्षा बल ने जांच की तो पता चला कि यह शव अरशद अली नाम के शख्स का है। पुलिस के मुताबिक, ट्रैवल बैग ले जा रहे शख्स का नाम जय चावड़ा है। इस मामले में चावड़ा के दोस्त शिवजीत सिंह का नाम भी सामने आया है।

शिवजीत सिंह पर आरोप है कि उसने अपने दोस्त जय की अरशद अली नाम के शख्स की हत्या करने में मदद की। पुलिस ने आरोपी शिवजीत को उल्हासनगर से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा जय चावड़ा को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार जब्त कर लिया है। पुलिस की मानें तो हत्या की घटना मुंबई के पायधुनी इलाके में हुई। रेलवे सुरक्षा बल ने इस मामले को पायधुनी पुलिस को सौंप दिया है। फिलहाल हत्या के सही कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

### सीएम नीतीश कुमार के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**पटना/एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में पटना पुलिस ने आरोपी को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम जाहिद बताया जा रहा है। कोलकाता के गांगुली स्ट्रीट से पटना पुलिस की विशेष टीम ने उसे कई दिन की पड़ताल के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि जाहिद मूल रूप से बेगूसराय का रहने वाला है। वह कोलकाता में फुटपाथ पर दुकान लगाता है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने रिश्तेदारों को फंसाने के लिए ये धमकी भरा मेल किया था। बता दें, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। मेल भेजने की जिम्मेदारी अलकायदा नाम के ग्रुप ने ली थी। 16 जुलाई को पटना स्थित सीएमओ को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल अज्ञात लोकेशन से भेजा गया था। इस मामले में सचिवालय थाना के थानेदार संजीव कुमार के बयान पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। साथ ही पुलिस संबंधित ईमेल आईडी के बारे में पता लगाने के लिए साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से विशेष जांच कर रही थी।



पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, अज्ञात के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 351 (4), (3) और 66 (एफ) आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस मेल को ट्रेस कर आरोपी तक पहुंची। इसके अलावा इस मामले में एटीएस ने भी गंभीरता दिखाते हुए आरोपी को पकडने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पुलिस और एटीएस मेल को ट्रेस कर आरोपी को अपनी गिरफ्त में लिया है। साथ ही पुलिस ने यह भी चेक किया कि जिस मेल आईडी से सीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, क्या यह सच में अलकायदा ग्रुप की ओर से भेजी गई थी? इस पर पुलिस के हाथ कोलकाता के गांगुली स्ट्रीट में रह रहे जाहिद तक पहुंचे।

### मथुरा में ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से तीन कांवडियों की मौत

**मथुरा/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में सोमवार को ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से तीन कांवडियों की मौत हो गई।कावंड़िए बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ईंट-भट्टा के सामने सड़क पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। मौके पर ही बाइक सवार तीन कांवडियों की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक के परिवार वालों को घटना की सूचना दी। दरअसल यह हादसा मथुरा के सुरीर थाना क्षेत्र के नागला परसोती में हुआ है। तीनों कावंड़िए सुरीर थाना क्षेत्र के बीजऊ गांव के निवासी थे। उनकी पहचान 18 वर्षीय मानव, 21 वर्षीय वेद प्रकाश और 20 वर्षीय नरेश के रूप में हुई। वेद प्रकाश डिप्लोमा इंजीनियर था और वर्तमान में गुड़गांव की एक कंपनी में नौकरी कर रहा था।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की भूमि को विभाग के नाम दर्ज करवाने के लिये समय-समय पर की जाती है कार्यवाही : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

जयपुर, 6 अगस्त। सार्वजनिक निर्माण मंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत बनाई गई सड़कों की भूमि का नामान्तरण विभाग के नाम पर दर्ज करवाने के लिये राजस्व विभाग के साथ मिलकर समय-समय पर कार्यवाही की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांवों की ओर जैसे अभियान चलाकर रास्ते संबंधी समस्याओं के निराकरण के प्रयास किये जाते हैं।

इससे पहले प्रश्नकाल में विधायक समाराम के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पीएमजीएसवाई योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत सड़कों का निर्माण साधारणतया गैरमुमकिन रास्तों एवं प्रचलित रास्तों पर किया जाता है।

उन्होंने बताया कि उक्त सड़कों की भूमि का नामान्तरण विभाग के नाम पर दर्ज करवाने के लिये समय-समय पर राजस्व विभाग के साथ सतत रूप से कार्यवाही की जाती रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांवों की ओर एवं राजस्व विभाग (ग्रुप-6) के द्वारा वर्ष 2016 में चलाये गये रास्ते सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण अभियान 2016 इत्यादि के दौरान सड़कों का नामान्तरण विभाग के नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रयास किये जाते रहे हैं। उन्होंने इस आशय के समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों की प्रति सदन के पटल पर रखी।



# बाडी 15 अगस्त 24 की तैयारियो को लेकर एसडीएम राधेश्याम मीणा ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो की ली बैठक

चमकता राजस्थान




**धौलपुर( रामदास तरुण )** बाड़ी उपखंड में आज दिनांक :-06 अगस्त 24 को शाम 4 बजे पंचायत समिति सभागार में ब्लाक स्तरीय अधिकारीयों की बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ! इस बैठक में उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए! जैसे सुबह 8:00 से 8:30 तक सभी कार्यालय पर ध्वजारोहण किया जाएगा! इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम स्थल पर 9:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा, मुख्य कार्यक्रम स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी है! और यह भी दिशा निर्देश दिए के राष्ट्रगान का समय 52 सेकंड है! उतने ही समय में पूरा होना चाहिए! कार्यक्रम स्थल पर छाया, पानी, सफाई, फस्ट टेट की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर होना आवशयक है, कार्यक्रम स्थल पर संचालन की व्यवस्था हरिओम सिकरवार के द्वारा की जावेगी! अपने-अपने विभागों में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारीयो को सम्मानित हेतु , सर्त 3 वर्ष के अंतराल में जिला स्तर एवं उपखंड स्तर पर सम्मानित नहीं हुआ हो!तो दिनांकः-12 अगस्त 24 तक अपने विभागों में से 2-2 कर्मचारी, दो प्रतियो में फॉर्म भरकर विक्रांत मिश्रा को भरकर पहुंचाएं! इस कार्यक्रम के मौके पर मोहम्मद हनीफ तहसीलदार बाड़ी, रविंद्र सिंह ई. ओ. नगरपालिका बाड़ी, अर्पित कुमार सीडीपीओ, थानाधिकारी शिवलहरी मीणा, डॉ. हरकिशन मंगल पीएमओ, डॉ. गब्बर सिंह मीणा बीसीएमओ, दाऊदयाल शर्मा बीईईओ, विनोद कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, लक्ष्मी नारायण शर्मा प्रधानाचार्य, रविंद्र कुमार मीणा जेईएन पीएचईडी, सीताराम शर्मा सफाई निरीक्षक, राकेश कुमार शर्मा, आदि कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे!

## हथियार दिखाकर लूट का मामला, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)।** नगर रोड बाईपास चौराहे पर कट्टा दिखाकर नगदी सहित बाइक व मोबाइल लूट के मामलें में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार कटारा निवासी भानूप्रताप सिंह उर्फ भानू पुत्र वीरेन्द्र सिंह को मुखबिर की सूचना पर डहरा रोड स्थित बस स्टेण्ड़ से हिरासत में लिया। बाद में जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि, गिरफ्तार आरोपी ने 29 जुलाई की रात अपने साथियों के साथ मिलकर बाईपास चौराहे के समीप रौनीजा निवासी निशांत सिंह का अवैध हथियार दिखाते हुए रास्ता रोक लिया। बाद में 3500 नगदी सहित, बाइक, मोबाइल व दस्तावेज लूटकर फरार हो गया। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी को वापर्दा गिरफ्तार किया। बाद में आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## नाबालिग दुष्कर्म के एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण कर सामुहिक दुष्कर्म करने के मामले में थाना भुसावर के टॉप-10 बदमाश व 5000 हजार के नामजद ईनामी आरोपी मोनू उर्फ बालकिशन को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी थाना भुसावर सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि बस स्टेण्ड दौसा से गिरफ्तार आरोपी 25 वर्षिय मोनू उर्फ बालकिशन पुत्र श्याम मीना निवासी निठार थाना भुसावर करीब 11 माह से फरार चल रहा था।

## अंकित भट्ट का गीत कुछ तो बोलो सोशल मीडिया पर रिलीज़ हुआ

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** युवा संगीतकार और गायक अंकित भट्ट का गीत कल्पना संगीत विद्यालय के राजन सभागार में संगीतकार साहित्यकारों एवं संगीतप्रेमियों के बीच रिलीज़ किया गया ।गाना कुछ तो बोलो मुख तो खोलो का गायन और संगीत स्वयं अंकित भट्ट का है और कल्पना ऑडियो एंड फ़ल्मिस की प्रस्तुति है गीत प्रसिद्ध संगीतकार गायक लेखक पंडित आलोकभट्ट ने लिखाहैऔर इसका तकनीकी पक्ष को माधव सक्सेना सरस ने संवारा है। कुछ तो बोलो सभी मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध है।



# दिनदहाड़े रिटा.फौजी से मारपीट कर लूट ले गए 45 हजार

चमकता राजस्थान

- **पोते की बीएड़ फीस के लिए निकाली बैंक से राशी, नदबई कस्बे में बेयर हाउस कॉलोनी की घटना**

नदबई,(राजवीर सिंह)। यहां बेयर हाउस कॉलोनी में दिनदहाडे रिटा. फौजी से मारपीट कर अज्ञात बदमाश करीब 45 हजार की नगदी लूट ले गए। समीपवर्ती लोगों ने रिटा. फौजी का उपजिला चिकित्सालय में उपचार कराया। बाद में पीडित की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जांच कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी। सूत्रों की मानें तो रौनीजा निवासी हुकुम सिंह पुत्र गोरधन सिंह ने अपने पोते की बीएड़ फीस जमा कराने के लिए पीएनबी बैंक खाते से 45 हजार रुपए निकाले। पीडित रिटा. फौजी बैग में राशी रखकर अपने घर जा रहा। इसी दौरान बेयर हाउस कॉलोनी के समीप अज्ञात दो बदमाशों ने मैला डालकर बैग छीनने का प्रयास किया। पीडित रिटा. फौजी ने शोर मचाते हुए बदमाशों का विरोध किया। बाद मे रिटा. फौजी से मारपीट कर अज्ञात बदमाश नगदी बैग लेकर फरार हो गए। समीपवर्ती लोगों ने पीडित का उपजिला चिकित्सालय में उपचार कराया। बाद में पीडित की सूचना पर पुलिस ने जांच पडताल कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी।

# आज जय उड़ान राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड क्लस्टर श्रीनगर की वार्षिक आम सभा आयोजित की गई

चमकता राजस्थान




**रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** नसीराबाद आयोजन जिसमे मुख्य अतिथि बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा श्रीनगर के मैनेजर प्रिंस शर्मा राजीविका जिला प्रबंधक श्रीमती रुचि जैन आईबी सीबी जिला प्रबंधक प्रियंका कोठारी पीए एमआईएस दुर्गेश दीक्षित ब्लाक परियोजना प्रबंधक श्रीनगर अजका फातिमा और सुषमा रहे मुख्य अतिथियो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिला प्रबंधक रुचि जैन ने राजीविका की समस्त जानकारी दी और प्रियंका कोठारी जिला प्रबंधक ने बैंक लोन की जानकारी देते हुए स्वरोजगार पर चर्चा की ब्लॉक योजना प्रबंधक श्रीनगर अजका फातिमा ने गरीब महिलाओं को समूह से जोड़ते हुए शत प्रतिशत बीमा करवाने पर जोर दिया बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक श्रीनगर शाखा प्रबंधक प्रिंस शर्मा ने बताया की बैंक द्वारा कुल 55 लाख रु ऋष्ठा वितरण किया जा रहा है जिस महिला कम ब्याज में पैसा लेकर अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकती है जिससे महिलाओ का आगे बढ़ने का मोका मिलेगा बैंक द्वारा 13 समूहों को 55 लाख का ऋष्ठा वितरण किया गया फील्ड में अच्छा कार्य करने वाले स्टाफ कैडर को सम्मानित किया गया राजीविका स्टाफ से रामदयाल मीना, गीत योगी, सीना मीना, क्लस्टर मैनेजर पिंकी रावत पप्पू यादव सलोनी वैष्णव ललिता कुमावत रेखा रावत मोना गुर्जर निशा गुर्जर क्लस्टर की 8 पंचायत की 400 महिला उपस्थिति रही। मंच संचालन क्लस्टर प्रभारी विजय कुमावत ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश के कार्यालय को बम से उड़ाने की 'धमकी', आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

**कोलकाता।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यालय पर हाल ही में बम मार कर उड़ने की धमकी दिया गया था। उस घटना में पटना पुलिस ने कोलकाता से एक शख्स को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एक विशेष अभियान में 51 वर्षीय व्यक्ति को कोलकाता के बाउबाजार इलाके से गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक शख्स बिहार के बेगुसराय का रहने वाला है। हालाँकि, वह कोलकाता में बीबी गांगुली स्ट्रीट में एक पान की दुकान चलाते थे। गौरतलब है कि 16 जुलाई को बिहार के मुख्यमंत्री के कार्यालय को एक धमकी भरा मेल आया था। पटना में मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी थी। यह मेल आतंकवादी समूह अल कायदा के नाम से आया था। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने गणमाध्यम को बताया कि जिस मोबाइल से गिरफ्तार व्यक्ति ने ईमेल भेजा था, उसे भी जब्त कर लिया गया है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक शुरूआती तलाशी के बाद गिरफ्तार व्यक्ति के किसी उग्रवादी समूह से संबंध की कोई जानकारी नहीं मिली है। धमकी भरे ईमेल के बाद 2 अगस्त को पटना के सचिवालय थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गिरफ्तार व्यक्ति ने बिहार के मुख्यमंत्री कार्यालय को धमकी भरा ईमेल क्यों भेजा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आगे की पूछताछ के लिए बंदी को ट्रांजिट रिमांड पर पटना ले जाया जाएगा।

### अपराधियों ने ठिकेदार व पूर्व पंचायत मुखिया को मारी गोली, मौत

**बेतिया।** बेतिया टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे गुमटी बानू छापर के पास ठिकेदार, बस मालिक तथा मझवालिया स्थित पूर्व मुखिया जितेन्द्र सिंह को बीती रात अपराधियों ने गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया है। इस मामले मे पुलिस ने बताया कि महना पंचायत के पूर्व मुखिया, तथा ठिकेदार जितेंद्र सिंह को अपराधियों ने तब गोलियों से छलनी कर दिया जब वह रात्री पहर अपने घर बानुछापर जा रहे थे। इस घटना को सुन आस पास लोगों ने जितेंद्र सिंह को बेतिया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे तभी वहा तैनात चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। और यह घटाना आग की तरह शहर में फैल गया है। पुलिस से पूछे जाने पर हत्या के कारणों का तो जॉच के बाद ही कुछ पता चल पाएगा। और इस मामले मे पुलिस छान बीन शुरू कर दिया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी है। पिछले साल मृतक मुखिया और ठेकेदार के लड़का को भी चाकू से परहार किया गया था।

### अशांत बांग्लादेश में 700 भारतीय लॉरी ड्राइवर फंसे है

**कोलकाता।** बांग्लादेश के सोना मस्जिद इलाके में पनामा बंदर पर सामान उतारते गए करीब 700 भारतीय लॉरी ड्राइवर और खलासी फंस गए हैं। मालदा से आगे जाने वाली करीब 350 भारतीय लॉरियां पनामा बंदर से नहीं निकल पा रही हैं। अधिकांश लॉरियाँ निर्यात माल को खाली करने के लिए उस पार नहीं जा सकीं। फंसे हुए भारतीय परिवहन कर्मी मालदह जिले के निवासी बताये जा रहे हैं। सोमवार दोपहर से ही मालदा के महदीपुर लैंड पोर्ट इलाके में गहरी उदबेग और चिंता का माहौल है। दूसरी तरफ के निर्यातक इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उन लॉरी चालकों और खलासी को महदीपुर सीमा के माध्यम से भारत वापस कैसे लाया जाएगा। उन्होंने इस मामले को लेकर बीएसएफ अधिकारियों से बातचीत शुरू कर दी है। लेकिन रात तक इसका समाधान नहीं हो सका। मालदा में महदीपुर एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के सचिव प्रोसेनजीत घोष ने सोमवार को कहा, 'सीमा पार माल उतारने के दौरान करीब साढ़े तीन सौ लॉरियां फंसी हुई हैं। प्रत्येक लॉरी में एक खलासी और एक ड्राइवर होता है। कुछ लॉरियों में तीन लोग होते हैं। बांग्लादेश में अशांत स्थिति के बावजूद, निर्यात धीमा था। लेकिन आज से अचानक हालात बदल गए हैं। सोना मस्जिद के पार, सीमा व्यापार मार्ग पर पनामा बंदर के सामने भारी विरोध प्रदर्शन चल रहा है। भारतीय लॉरियाँ बंदर छोड़ने में असमर्थ हैं। कई लॉरियों में कच्चा माल होता है। करीब 700 ड्राइवर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा कि वे कहां खाना बनाएंगे, क्या खाएंगे, कब तक ऐसे ही चलता रहेगा। हमने बीएसएफ से उनकी वापसी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।'

### राजद नेता व पैक्स अध्यक्ष केशव यादव का निधन, शोक की लहर

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल प्रखण्ड के पहाड़पुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष,राजद नेता व थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव निवासी केशव प्रसाद यादव का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 55 वर्ष के थें एवं कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे थें। मृतक के पुत्र धीरज राज ने बताया कि उनके पिता की अचानक तबीयत खराब हो गई। आनन फानन में उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका आकस्मिक निधन हो गया। निधन के बाद उनके शव को मधुरापुर गांव लाया गया। जहां श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उनके निधन की खबर इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

# 36 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

### बिहार की कंपनी को अब टेंडर मिलेगा। कंपनी को बिहार में जीएसटी रजिस्टर्ड होना चाहिए



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 36 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में पीएमसीएच में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप 4315 नए पद सृजित किए गए हैं। इसके साथ स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में नौकरी देने का फैसला लिया है।

कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि खान एवं भूतत्व विभाग में चार पदों का सृजन किया गया है। दो पद अपर निदेशक और दो पद उप निदेशक खनिज के लिए सृजन करने की मंजूरी मिली है। अपर निदेशक खनिज विकास के लिए एक पद एवं उप निदेशक खनिज विभाग के लिए एक पद की प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव भी कैबिनेट में पास किया गया है। इसके साथ उद्योग विभाग की ओर से हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय के अंतर्गत आने वाले 610 पदों को समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा राजपत्रित 20 नए पद एवं अराजपत्रित 116 नए पद यानी कुल 136 नए पदों के सृजन की स्वीकृति आज कैबिनेट में मिली है। दूसरी ओर बिहार सरकार ने उद्योग नीति में बदलाव किया है। बिहार की कंपनी को अब टेंडर मिलेगा। कंपनी को बिहार में जीएसटी रजिस्टर्ड होना चाहिए। एल वन अधिक दर रहने वाली कंपनी को टेंडर दिया जाएगा । एक साल पुरानी जो कंपनी होगी उसको भी लाभ मिलेगा।

अभी बिहार के बाहर की जो कंपनियां उन्हें ज्यादा टेंडर मिल रहा है। स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में नई नौकरियां देने की बात कही गई। बिहार अवर सांख्यिकी संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 को स्वीकृति मिल गई है। खनन विभाग में नियुक्तियां होंगी। मुख्यालय स्तर पर अपर निदेशक (खनिज विकास) और उप निदेशक (खनिज विकास) के एक-एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। बालू की अवैध ढुलाई और खनन की जानकारी देने वालों को इनाम दिया जाएगा।

पाटलिपुत्र खेल परिसर कंकड़बाग के पास 1.6 एकड़ जमीन आवास बोर्ड ने खेल विभाग को दी है। इसके लिए 48 करोड़ रुपये दिए गए हैं। बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भर्ती, प्रोन्नति और सेवा शर्त के लिए नया नियम बनेगा। बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी मिल गई है। सड़क हादसे कम करने के लिए गाड़ियों की स्पीड लिमिट तय होगी। इसके लिए परिवहन विभाग को अधिकृत किया गया है। एक कमेटी भी बनाई जाएगी जो स्पीड लिमिट तय करेगी। पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) में पहले की तरह टॉय ट्रेन चलेगी। अवैध तरीके से बालू खनन पर सरकार ने इसे रोकने के लिए पहल की है। अवैध तरीके से बालू खनन करने वाले के बारे में सूचना देने वालों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। कैबिनेट में इसकी मंजूरी मिली है। सूचना देने वाले का नाम और पता गुप्त रखा जाएगा। ट्रक से अवैध खनन होने की सूचना पर दस हजार और ट्रैक्टर से अवैध खनन कर बालू ले जाने वाले की सूचना देने वाले को पांच हजार नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## व्यवसायी अजय मंडल की कार पर गोली चलाने के मामले में पकड़ा गया शूटर



संवाददाता

**कोलकाता।** बेलघरिया के रथतला में बाराकपुर के व्यवसायी अजय मंडल की कार पर फायरिंग की घटना से पुलिस ने खोज पाया है। अंततः शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया। धृत उत्तम प्रसाद झारखंड के डाल्टनगंज के चयनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बाराकपुर पुलिस कमिश्नरेट की विशेष टीम ने उसे मध्य प्रदेश के जबलपुर से गिरफ्तार किया। सोमवार को उसे बराकपुर सब डिविजनल कोर्ट में पेश किया गया। जज ने 10 दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। शूटर की गिरफ्तारी के बाद गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। घटना में चार अन्य लोग शामिल हैं। वे फिलहाल जेल की हिरासत में हैं। जानकारी है कि बराकपुर पुलिस कमिश्नरेट उन्हें जल्द ही अपनी हिरासत में ले लेगी।

बराकपुर कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त आलोक राजोरिया ने सोमवार को बताया कि व्यवसायी की कार पर गोलीबारी के बाद बिहार के सस्तीपुर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। घटना के अगले दिन उन्होंने व्यवसायी अजय मंडल को फोन कर धमकी दी थी। फिर अल्ताफ राजा और साहिल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था। रोशन यादव के आदेश पर वे बिहार से दो बाइक, आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद लाए थे। रौशन यादव को भी बिहार के बेउर जेल से लाया गया था। उन्होंने कथित तौर पर अजय मंडल और एक अन्य व्यवसायी तापस भक्त को धमकी दी थी। सुबोध सिंह को भी बेउर जेल से लाकर पूछताछ की गयी तो पता चला कि उन्होंने पूरी घटना को अंजाम दिया है। मकसद बिजनेसमैन को धमकाकर पैसे लेना था। उसको पूछताछ करने पर पता चला कि उत्तम प्रसाद के पास तीन आग्नेयास्त्र थे। व्यवसायी की कार पर छह राउंड फायरिंग की गयी। बाइक डाल्टेनगंज निवासी रिशु कुमार पांडे चला रहा था। पुलिस ने चेकिंग के दौरान उसे आग्नेयास्त्र के साथ झारखंड से गिरफ्तार कर लिया। वह फिलहाल जेल में हैं। उसे भी लाया जायेगा। दो अन्य लोग दूसरी बाइक से आए थे। इनका नाम विवेक और पंकज शर्मा है, ये दोनों डालटनगंज थाना क्षेत्र में रहते हैं। शशिभूषण प्रसाद नाम का एक और व्यक्ति शामिल है। संगठित अपराध को एक साथ लाया गया है।

## उल्टोडांगा में भीषण आग, स्थानीय लोगों ने छोड़ा घर, 'देर से आए दमकलकर्मी...'



संवाददाता

**कोलकाता।** उल्टोडांगा में प्लाइवुड गोदाम में भीषण आग। पास के दूसरे प्लाइवुड गोदाम में भी आग फैल गई है। फिलहाल दमकल की 8 गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। हालाँकि, फायर ब्रिगेड देर से पहुंची और स्थानीय लोगों ने पुलिस की निष्क्रियता की शिकायत की।स्थानीय लोग घर छोड़ दिए : पार्कस्ट्रीट, एक्रोपोलिस मॉल, गस्टिन प्लेस, चौबागा में आग की घटना मन से गया है की नहीं इस दिन और एक घटना। इस दिन सुबह करीब साढ़े पांच बजे ईस्ट कैनाल सर्कुलर रोड पर प्लाईवुड गोदाम में आग लग गई। आग से घिन्जी इलाके में दहशत फैल गई, निवासी बाहर निकल आए। आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। आग फैल गई : पिछले दिनों आनंदपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी चौबागा में आग लग गयी थी। एक शख्स ने जान बचाने के लिए तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, 3 मंजिला इस प्लास्टिक फैक्ट्री और गोदाम में आग लग गई। बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ जमा होने के कारण आग तुरंत एक मंजिल से तीन मंजिल तक फैल गई। एस्बेस्टस की छत गिरी। 3 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग। अलग-अलग दिशाओं से पानी डाला जा रहा है। ऊपरी हिस्सा टूट गया है। फिर सवाल शहरी निवासियों की सुरक्षा को लेकर उठा है: हालाँकि, पिछले कुछ महीनों में कई आग लगने के लिए अउ ज़िम्मेदार था। फिर कहीं गैस सिलेंडर। हालांकि, बड़ाबाजार के मेहता बिल्डिंग इलाके में काले तारों ने आसमान को ढक लिया है । यह कोलकाता शॉर्ट सर्किट से भी आग लगने का उदाहरण देता रहता है। लेकिन ये आग बार-बार क्यों लग रही है? कौन जिम्मेदार है? क्या ज्वलनशील पदार्थों के लिए कोई जिम्मेदार है? अगर आग लगी हो तो क्या बाहर निकलने का कोई रास्ता है? फिर शहरी बाशिंदों की सुरक्षा का सवाल उठा है।

## 57 लाख के धान गबन करने के मामले में पैक्स अध्यक्ष पर एफआईआर



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के छौड़ादानो प्रखंड के कोदरकट पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध लगभग 57 लाख के धान गबन मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी छौड़ादानो के द्वारा कोदरकट पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध धान अधिप्राप्ति में अनियमितता बरतने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है,कि बिहार राज्य खरीफ विपणन 2023-24 में कोदरकट पैक्स अध्यक्ष द्वारा कुल 469.70 एमटी धान क्रय किया गया था। जिसका समतुल्य सीएमआर 319.4 एमटी बिहार राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की जानी थी। परंतु कोदरकट पैक्स द्वारा अभी तक मात्र 174 एमटी सीएमआर राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की गई। अभी भी 145.4 एमटी सीएमआर का आपूर्ति करना अवशेष बचा हुआ है।जबकि विगत तीन माह से कोदरकट पैक्स अध्यक्ष को पत्राचार, दूरभाष एवं व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के द्वारा सीएमआर आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। लेकिन पैक्स अध्यक्ष ने सीएमआर की आपूर्त्ति नही की गई। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल के द्वारा 27 जुलाई, 29 जुलाई एवं 31 जुलाई को समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित होने के लिए पैक्स अध्यक्ष को निर्देशित किया गया। परंतु पैक्स अध्यक्ष इन बैठकों में भी उपस्थित नहीं हुए। लिहाजा अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल के द्वारा सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रखंड छोडादानों को उक्त पैक्स के भौतिक जांच का निर्देश दिया गया। जिसके भौतिक जांच में पैक्स गोदाम में धान की मात्रा शून्य पाई गई। जबकि पैक्स गोदाम में 258.575 एमटी धान होना चाहिए था।

### बांग्लादेश में हुए हिंसा के बाद भारत-बांग्लादेश की सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी

**किशनगंज।** बांग्लादेश में हुए हिंसा बाद भारत बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के जवान अलर्ट मोड पर हैं। जवान सीमा पर मुस्तैदी से डटे हैं। बीएसएफ 24 घंटे सीमा पर सतर्कता बरत रही है। सीमा पर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। बीएसएफ के वरीय अधिकारी भारत-बांग्लादेश सीमा पर पहुंचकर हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। साथ ही सीमा पर लगातार निगरानी बरती जा रही है। बीएसएफ के वरीय अधिकारी सीमा पर पहुंचकर जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर हुए हिंसा के बाद सोमवार दोपहर को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया और सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। शेख हसीना बांग्लादेश से देर शाम भारत पहुंच चुकी है जहां से लंदन जाने की संभावना जताई जा रही थी।

### बिहार पुलिस मुख्यालय ने बांग्लादेश की घटना को लेकर जारी किया अलर्ट



एजेंसी

**पटना।** बांग्लादेश में उपद्रव और हिंसा को लेकर बिहार में अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी सीमावर्ती जिलों में पुलिस और एसएसबी को अलर्ट रहने को कहा है। सीमा वाले इलाकों में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बिहार पुलिस और एसएसबी को तैयार रहने को कहा गया है। सीमांचल में बांग्लादेश और बिहार की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। कटिहार और किशनगंज से बांग्लादेश की सीमा सटी हुई है। ऐसे में बिहार पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती जिलों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। साथ ही एसएसबी को सतर्क किया गया है और 24 घंटे निगरानी रखने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस और एसएसबी अलर्ट मोड में आ गए हैं। बांग्लादेश और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में गाड़ियों की और हर आने-जाने वालों की सघन जांच की जा रही है। पहचान पत्र देखने के बाद ही किसी को भी भारत में आने की अनुमति दी जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तू की जानकारी होने पर तत्काल सूचना देने को कहा गया है। लोग किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी स्थानीय थाना, जिले के एसपी या टॉल फ्री नंबर 14432 या डायल 112 पर देने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हालात बेकाबू हो गए हैं।

**बिहार** एएमयू सुरजापुरी हाट तटबंध निर्माण की मांगें लेकर सीएम से मिले पूर्व विधायक

# एएमयू सेंटर सहित अन्य मांगों के संबंध में मांग पत्र सौंपा



एजेंसी

**किशनगंज।** कोचाधामन के लोकप्रिय पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष मुजाहिद आलम ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है। उन्होंने एएमयू सेंटर सहित अन्य मांगों के संबंध में मांग पत्र सौंपा है। इस दौरान उनके साथ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। मुलाकात के बाद पूर्व विधायक मुजाहिद आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इन मांगों के संबंध में उचित समाधान हेतु अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया

केंद्र सरकार से समुचित पहल

नीतीश कुमार से मधुबनी जिले

मिथिला हाट के तर्ज पर किशनगंज जिले में शीतल नगर झील को सुरजापुरी हाट के रूप में विकसित करने का आग्रह किया है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लिखित किया है कि किशनगंज अररिया जिले की

अंधासुर मौजा में 66 एकड़ बिहार सरकार की जमीन पर शीतल नगर झील फैला हुआ है। जोकि ठल्र-327 ए पर अवस्थित है। मिथिला हाट के तर्ज पर इसे सुरजापुरी हाट के रूप में विकसित किया जाता है तो इससे सुरजापुरी संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मिथिला हाट का निर्माण जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा किया गया है जिसका संचालन बिहार टूरिज्म विकास निगम द्वारा किया जा रहा है। महानन्दा बेसिन फेज-2 के

तटबंध का निर्माण उक्त तीनों नदियों के दोनों किनारे पर करने का प्रस्ताव है। जिसका टेंडर भी हो चुका है। परन्तु कहीं कहीं बांध के एलाइनमेंट के अन्दर बहुत सारे गांवों के पड़ने से उक्त गांवों का बाढ़ के समय जलमग्न होने का खतरा है। जिसे लेकर लोग आशंकित एवं डरे हुए हैं। इसके समाधान हेतु सीएम से हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही पूर्व विधायक मुजाहिद आलम ने मुख्यमंत्री का ध्यान 2459+1 कैटेगरी के बचे हुए मदरसों एवं 339 कैटेगरी के छूटे हुए मदरसों को

### गेमिंग ऐप्स से सैकड़ों करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में ईडी फिर एक्शन मोड में

संवाददाता

**कोलकाता।** ईडी एक बार फिर एक्शन मोड में है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सुबह तलासी अभियान में। इस बार ईडी ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स में सैकड़ों करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले की जांच शुरू की है। ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार सुबह कोलकाता के कालिकापुर में एक बहुमंजिला इमारत पर छापा मारा। पता चला है कि ईडी के अधिकारी कालिकापुर रोड स्थित पांच मंजिला आवास की दूसरी मंजिल पर तलाशी अभियान की हैं। सूत्रों के मुताबिक 'फाई उई' नाम के ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए सैकड़ों करोड़ रुपये की ठगी की गई है। इस धोखाधड़ी की

ईडी ने इस दिन सुबह तलाशी अभियान चलाया।

ईडी सूत्रों के मुताबिक, 'फाई उई' नाम का यह गेमिंग ऐप मुख्य रूप से भारतीयों को ठगने का काम करता था। ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स में निवेश किए गए पैसे को पहले डॉलर में बदला जाता था, फिर चीन भेजा जाता था। धोखाधड़ी कर अब तक सैकड़ों करोड़ रुपये चीन भेजे जा चुके हैं, जांच एजेंसी के पास ऐसे सबूत हैं। संयोग से, पिछले साल की शुरूआत में ईडी ने ई-नगेट्स नामक एक अन्य ऑनलाइन गेमिंग ऐप के संबंध में खिदिरपुर में तलाशी ली थी। उस वक्त 16 करोड़ की वसूली हुई थी। वह धोखाधड़ी चक्र पूरे देश में भी

## संक्षिप्त खबरें

### एक पेड़ मां के नाम अभियान : मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन हितग्राही को सौंपा पौधा



**जशपुर/रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जशपुर जिले में चल रहे वृहत पौध वितरण अभियान का पौधा मंगलवार को बंदरचुंआ की महतारी वंदन योजना की हितग्राही नीलम टोप्पो को सौंपा। उल्लेखनीय है कि, जशपुर जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहत वृक्षारोपण के लिए महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों को निःशुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते विगत माह 14 जुलाई को दुलदुला से की थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जशपुर जिले में चल रहे वृहत पौध वितरण अभियान के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय उपस्थित रही। श्रीमती टोप्पो ने बताया कि, वह अपने घर के आंगन में अपनी सासु मां के नाम से यह आम का पौधा लगाएंगी।

### शेख हसीना राजनीति में नहीं करेंगी वापसी



**लंदन।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जाय ने दावा किया है कि उनकी मां अब राजनीतिक वापसी नहीं करेंगी। पूर्व आधिकारिक सलाहकार सजीब ने सोमवार को बताया कि उनकी मां हसीना ने परिवार के आग्रह पर अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़ा है। लंदन में एक एजेंसी दिए एक साक्षात्कार में सजीब वाजेद जाय ने कहा कि उनकी मां शेख हसीना की अब राजनीतिक वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हसीना रविवार से ही इस्तीफा देने पर विचार कर रही थीं। जाय ने कहा कि उनकी मां, जिन्होंने 15 साल तक बांग्लादेश पर शासन किया था, तत्कालीन घटनाओं को लेकर बहुत निराश थीं। जाय ने अपनी मां के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा, जब हसीना ने देश की सत्ता संभाली तो बांग्लादेश गरीब देश हुआ करता था। इसे एशिया के उभरते देशों में से एक माना जाता है। प्रदर्शनकारियों से निपटने में सरकार द्वारा सख्ती बरतने के आरोपों को खारिज करते हुए जाय ने कहा, पुलिसकर्मियों को पीट-पीटकर मार डाला गया है।

### नदी में डूबे दो युवकों में से एक का शव बरामद

**देहरादून।** पौड़ी जिले के ग्राम कोट के पास नदी में सोमवार को डूबे दो युवकों में से एक का शव एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को बरामद कर लिया गया जबकि दूसरे की तलाश जारी है। पौड़ी जिला कंट्रोल रूम से सोमवार रात एसडीआरएफ को कोट गांव के पास नदी में दो युवकों के डूबने की सूचना दी गई थी। देर रात एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर एक युवक का शव बरामद किया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी हुई है। एसडीआरएफ टीम दूसरे युवक की खोजबीन के लिए संभावित स्थानों पर सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई है।

### दुल्हन घर से नकदी और जेवरात लेकर फरार

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले के गोविंदगढ़ थाना इलाके में शादी के पांच दिन बाद लुटेरी दुल्हन घर से नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि दलालों ने पीड़ित को झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी है। वहीं पांच लाख रुपये मांग रहे भी कर रहे है। इस संबंध में पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज कराया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांनतु कुमार सिंह के अनुसार पीडित युवराज सामोता जाट ने गोविंदगढ थाने में शिकायत दी है कि 15 जुलाई 2024 को राधिका पुत्री विजेंद्र सिंह निवासी रुदावन, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) से दलाल रेखा कुमारी पत्नी सुबेसिंह और लीलाराम ने पांच लाख रुपये लेकर विवाह करवाया।

### आंखों में मिर्ची पाउडर डाल लूटे ग्यारह लाख

**जयपुर।** चित्रकूट थाना इलाके में एक युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की और आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर ग्यारह लाख रुपये लूट ले गए। पीड़ित युवक ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। एएसआई शोभाग सिंह ने बताया कि पीडित युवक बलदेव सिंह (24) ने मामला दर्ज करवाया है कि उस के जानकार मनीष ने उसे बताया कि कुछ लोग हैं, जो रुपये को डॉलर में जमा कर के अच्छा मुनाफा देते हैं। इस पर 1 अगस्त को ग्यारह लाख रुपये लेकर मनीष के बताई जगह जयपुर मॉल पहुंचा। जहां पर उसे एक काली स्विफ्ट कार मिली। गाड़ी में दो युवक बैठे हुए थे। जिन्होंने बलदेव को कार में बैठा लिया। पीड़ित बलदेव को लोग सही नहीं लगे। इस पर बलदेव ने उन्हें गाड़ी रोकने और उसे नीचे उतारने के लिए कहा। आरोपितों ने उसे नीचे नहीं उतार कर मारपीट शुरू कर दी।

# धामी की मुस्तैदी से जल्द आपदा से उबरेगा उत्तराखंड

● फिर गुलजार होगा चारधाम यात्रा मार्ग ● आस्था के सम्मान के साथ सुरक्षित चारधाम यात्रा कराएगी सरकार

**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की इच्छाशक्ति से जल्द उत्तराखंड राज्य आपदा से उबरेगा। उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा मार्ग एक बार फिर देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों से गुलजार होगा और आस्था पथ पर रौनक बिखरेगी। अतिथि देवो भवः की भाव से धामी सरकार आस्था के सम्मान के साथ सुरक्षित चारधाम यात्रा कराएगी तो वहीं आपदा से प्रभावित जनजीवन फिर पटरी पर लौटेगा। उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पांडेय ने यह भरोसा जताया है।

लोक निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों ने स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया आपदा प्रभावित राज्य उत्तराखंड में इन दिनों राज्य के मुखिया पुष्कर सिंह से लेकर पूरा



● मुख्यमंत्री धामी बोले - सबकुछ ठीक रहा तो जल्द आस्था पथ पर बिखरेगी रौनक

● एक सप्ताह के अंदर केदारनाथ धाम के लिए पैदल मार्ग चालू करने की कवायद

● आपदा को लेकर ग्राउंड लेवल पर सरकारी तंत्र, हर गतिविधियों पर धामी की नजर

सरकारी तंत्र ग्राउंड लेवल पर है। खुद मुख्यमंत्री धामी की हर गतिविधियों पर नजर है। सरकार की कोशिश है कि मौसम ठीक रहा तो एक सप्ताह के अंदर केदारनाथ धाम के लिए पैदल मार्ग चालू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा है कि हर यात्री और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि आपदा से क्षतिग्रस्त मार्गों पुनर्निर्माण के लिए अविलंब कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क एवं पैदल मार्गों का त्वरित गति से निर्माण करने के लिए हर साइट पर अलग ठेकेदार को काम दिया जाएगा। हर साइट पर एक सहायक अभियंता (एई) और एक संयुक्त अभियंता (जेई) तैनात होंगे।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुल 29 साइट्स पर कार्य किया जाना है। कुछ साइट्स पर कार्य अधिक चुनौतीपूर्ण रहेगा। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बड़े क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण के लिए कम से कम 50 लोगों को तैनात करने तथा जिन मार्गों पर कम क्षति हुई है, वहां 10 कार्मिक तैनात करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बड़ी साइट्स पर पोकलैंड भी तैनात रहेंगे। वहीं नदी-नालों से हो रहे भू-कटाव को रोकने के लिए चैनलाइजेशन किए जाएंगे।

### चारधाम यात्रा की शुरूआत से ही केदारनाथ धाम में देखने को मिला तांडव

भारत की 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक भगवान शिव 3584 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम में स्वयंभू शिव के रूप में विराजमान हैं। गत 10 मई को केदारनाथ का कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा शुरू हुई। इसी बीच कई बार श्रीकेदार धाम के पीछे की पहाड़ियों में ग्लेशियर टूटने की घटनाएं सामने आईं। इसके बाद एक प्राइवेट कंपनी का हेलीकॉप्टर भी हादसे का शिकार होते-होते बच गया, फिर मानसून के बीच केदारनाथ पैदल मार्ग की पहाड़ी पर चट्टान टूटने से कुछ यात्रियों की मौत हुई। इसके बाद गत 31 जुलाई की रात केदार घाटी में आई आपदा ने सबको हिलाकर रख दिया।

### हर स्थिति से निपटने के लिए शासन-प्रशासन ने झोंकी ताकत

वर्ष 2013 की भीषण आपदा के 10 साल बाद केदार घाटी में आई आपदा ने भयावह मंजर दिखाया है। जनहानि के साथ सरकार को भी काफी नुकसान हुआ है। इन दिनों केदारनाथ धाम में मौसम पल-पल बदल रहा है। ऐसे में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए शासन-प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। राहत-बचाव कार्य में कुल 1166 कार्मिक जुटे हैं। बिजली, पानी, सड़क, दूर संचार आदि समस्याओं को तेजी से दुरुस्त किया जा रहा है। शासन-प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ के सुरक्षा जवानों के साथ राहत-बचाव कार्य में जुटे कर्मचारी देवदूत की भूमिका निभा रहे हैं।

## राष्ट्रपति को सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया जाना भारत के लिए गौरव का क्षणः योगी

**लखनऊ। एजेंसी**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान फिजी के राष्ट्रपति ने प्रदान किया। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिनंदन जताते हुए देशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से विभूषित किया जाना भारत के लिए गौरव का क्षण है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच अटूट ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है, जो विश्व में शांति, सहयोग व सद्भावना के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। राष्ट्रपति का हार्दिक अभिनंदन और देश वासियों को बधाई।

### फांसी लगा कर विवाहिता ने की आत्महत्या

**मीरजापुर।** जनपद के कोतवाली कटरा क्षेत्र के बल्ली का अड्डा निवासी विवाहिता ने सोमवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वाराणसी के कोयला बाजार निवासी साहिमा तबस्सुम (30) का निकाह चार वर्ष पूर्व कटरा क्षेत्र के बल्ली का अड्डा निवासी वसीम अल्लाह से हुई थी। साहिमा ने सोमवार की रात कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो : आलोक कुमार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने मंगलवार को कहा कि हमारा पड़ोसी बांग्लादेश एक विचित्र अनिश्चितता, हिंसा और अराजकता में फंसा हुआ है। हसीना सरकार के त्यागपत्र और उनके देश छोड़ने के बाद अन्तरिम सरकार के गठन की प्रक्रिया चल रही है। संकट की इस घड़ी मे भारत बांग्लादेश के समस्त समाज के साथ एक मित्र के नाते मजबूती से खड़ा है।

आलोक कुमार ने आज प्रेस वार्ता में कहा कि बांग्लादेश में पिछले कुछ समय में हिन्दू, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। सोमवार रात तक अकेले पंचगढ़ जिले में 22 घर, झीनैदाह में 20



घर व जैसोर में 22 दुकानें कट्टरपंथियों के निशाने बने तथा अनेक जिलों में तो श्मशान तक तोड़ दिए गए।

मंदिर और गुरुद्वारों को भी क्षति पहुंचाई गयी है। बांग्लादेश में शायद ही कोई जिला बचा हो जो इनकी हिंसा व आतंक का निशाना न बना हो। यह ध्यान दिलाना उचित होगा कि बांग्लादेश में हिंदू जो कभी 32 प्रतिशत थे, अब 8 प्रतिशत से भी कम बचे हैं और वे भी लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार हैं। विहिप अध्यक्ष ने आगे कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के घर, मकान, दुकान, ऑफिस, व्यावसायिक प्रतिष्ठान व महिलाएं, बच्चे व उनकी आस्था व विश्वास के केंद्र मन्दिर व गुरुद्वारे तक सुरक्षित नहीं हैं। कहा जा सकता है कि वहां पीड़ित अल्पसंख्यकों की हालत बद से भी बदतर होती जा रही है। यह स्थिति चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे में विश्व समुदाय की यह जिम्मेवारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई करें।

आलोक कुमार ने कहा कि निश्चय ही भारत इस परिस्थिति में आंखें मूद कर नहीं रह सकता। भारत ने परंपरा से ही विश्वभर के उत्पीड़ित समाजों की सहायता की है। विहिप भारत सरकार से यह आग्रह करती है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए।

### फरीदाबाद : कार में लगी भीषण आग

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ सेक्टर-3 में मंगलवार सुबह एक मारुति कार में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया लिया। हादसे को लेकर पुलिस भी छानबीन कर रही है। बल्लभगढ़ के सेक्टर 3 के हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले वरुण वर्मा ने बताया कि वह रात को अपनी कार घर के सामने खड़ी करते हैं। बीती रात भी हमेशा की तरह कार वहीं पर खड़ी की थी। मंगलवार सुबह अचानक करीब 8.30 बजे कार से धुआं निकलते हुए देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को फोन किया। जब तक पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम पहुंचती, कार में आग सुलग गई थी। वरुण ने बताया कि जब तक फायर ब्रिगेड गाड़ी वहां पर आई कार आधी जल चुकी थी। फिर भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग बुझा दिया। कार बिजली के खंभे के पास खड़ी थी। आग से बिजली की तारें भी जल गई। आग कार में अचानक कैसे लगी, अभी किसी को कुछ नहीं पता। शायद बैटरी में फाल्ट होने की वजह से आग लगी है।

## बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने के लिए मोहम्मद यूनुस राजी

**ढाका। एजेंसी**

बांग्लादेश में लंबे समय तक सत्तारूढ़ रहीं शेख हसीना के छात्र आरक्षण आंदोलन की हिंसक लपटों के बीच देश छोड़ने के बाद अंतरिम सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। बांग्लादेश के प्रमुख बांग्लाभाषी अखबार अनुसार, नोबेल पुरस्कार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने को राजी हो गए हैं। आंदोलन के समन्वयकों में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार तड़के एक वीडियो संदेश में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि प्रोफेसर यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। उनकी प्रो. यूनुस से बात हो गई है। छात्रों के आह्वान पर वह बांग्लादेश की रक्षा के लिए यह अहम जिम्मेदारी लेने को तैयार हो गए हैं। उन्होंने अपनी सहमति दे दी है। इसके बाद, अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने के लिए राजी हुए



नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने कहा कि शेख हसीना ने अपने पिता बंगबंधु मुजीबुर रहमान की विरासत को नष्ट कर दिया।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बदलते राजनीतिक परिदृश्य में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने घोषणा की है कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान जल्द ही स्वदेश लौटेंगे। उन्होंने कहा कि तारिक रहमान को अन्यायपूर्ण तरीके से निर्वासित किया गया। उल्लेखनीय

● प्रोफेसर यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है

● राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने देश में जारी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार सभी छात्रों को रिहा करने का भी आदेश दिया

है कि बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कल घोषणा की थी कि संसद को भंग करने के बाद अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को रिहा करने का आदेश दिया।

खालिदा जिया बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष हैं। राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने देश में जारी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार सभी छात्रों को रिहा करने का भी आदेश दिया।

### एनएचएम कर्मचारियों ने 10 अगस्त तक बढ़ाई हड़ताल

**फतेहाबाद।** हरियाणा कैबिनेट की बैठक में एनएचएम कर्मचारियों के नियमितिकरण को लेकर सरकार की कोई सकारात्मक पहल न होने से प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारियों में रोष बढ़ गया है। एनएचएम साझा मोर्चा ने सरकार व अधिकारियों के रुख को देखते हुए अपनी हड़ताल को अब 10 अगस्त तक बढ़ाने की घोषणा कर दी है। मंगलवार को भी फतेहाबाद में एनएचएम कर्मचारियों ने नागरिक अस्पताल के बाहर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। एनएचएम महिला कर्मचारियों द्वारा धरनास्थल पर ही तीज उत्सव मनाया गया और मेहंदी लगाकर एनएचएम कर्मचारियों को पक्का करने की मांग उठाई। प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी 10 अगस्त तक कामकाज पर नहीं लौटेंगे, जिस कारण नागरिक अस्पतालों व ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी तरह की स्वास्थ्य सेवाएं बाधित रहेंगी। कर्मचारी रोजाना क्रमिक अनशन कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखेंगे। एनएचएम साझा मोर्चा के नेता विपिन शर्मा ने कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी कामकाज ठप कर हड़ताल पर हैं।

## ढाकाः बांग्लादेश में 300 से अधिक भारतीय ट्रक फंसे, मंदिरों पर हमला

**ढाका। एजेंसी**

बांग्लादेश में तख्तापलट और हिंसा भड़कने के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर 250-300 भारतीय ट्रक फंसे हुए हैं। वहीं हिंसक भीड़ ने ढाका स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र और चार हिंदू मंदिरों पर हमला किया है। इन हमलों में मंदिरों को मामूली नुकसान हुआ है। कुछ हिंदुओं को भी निशाना बनाए जाने की सूचना है। ट्रकों की आवाजाही रूकने पर पेट्रापोल के क्लीयरिंग एजेंट्स स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कार्तिक चक्रवर्ती ने बताया कि पेट्रापोल लैंड पोर्ट से माल की आवाजाही सोमवार को रुकने से ट्रकों की आवाजाही बंद हो गई है। बांग्लादेश के हिंदू, बौद्ध और ईसाई एकता परिषद के नेता काजोल देबनाथ ने बताया है कि देश के चार मंदिरों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में मंदिरों को मामूली नुकसान हुआ है।

प्रधानमंत्री हसीना के सत्ता से हटने के बाद हिंदू समुदाय के लोगों में स्थिति को लेकर डर है, लेकिन



अभी तक कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई है। भीड़ द्वारा निशाना बनाए गए भारतीय सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन मार्च 2010 में हुआ था। इस केंद्र में योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय संगीत और भारतीय नृत्य कलाओं के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाता है। इस केंद्र के पुस्तकालय में भारत से संबंधित 21 हजार पुस्तकों का भी संग्रह है।

बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल लैंड पोर्ट से माल की आवाजाही सोमवार को रुक गई। पेट्रापोल के क्लीयरिंग एजेंट्स स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कार्तिक चक्रवर्ती ने बताया कि बांग्लादेश की ओर 250-300 भारतीय ट्रक फंसे हुए हैं।

**क्षतिग्रस्त** आपदा की गम्भीरता को समझते हुए पदयात्रा को मार्ग सुचारू होने तक स्थगित कर दिया

# बाढ़ सुरक्षा के ध्वस्त हुए कार्यों पर क्यों चुप हैं मंत्री : जयेन्द

**ऋषिकेश। एजेंसी**

कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद पर बाढ़ सुरक्षा के कार्यों की अनदेखी और भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाया है। वह प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ धाम की प्रतिष्ठा की रक्षा बचाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पदयात्रा का शुभारंभ 24 जून को हर की पैड़ी से गंगा आरती के पश्चात गंगाजल लेकर केदारनाथ की ओर रवाना की गई थी, जो प्राकृतिक आपदा के कारण 9 दिन बाद ही समाप्त करनी पड़ गई। उस



दौरान सोनप्रयाग, लिंचोली, भीम बली और गौरीकुंड में आपदा से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा सहित सभी कांग्रेस जनों ने सोनप्रयाग तक यात्रा की और वहाँ पर रेस्क्यू करके लाये गये तीर्थ यात्रियों से चर्चा कर जानकारी ली। यात्रियों ने सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किये

● मुकदमे दर्ज कर विपक्ष की आवाज को दबाने का काम किया जाएगा

● ऋषिकेश विधानसभा में भी धरातल पर कार्य नहीं किए जा रहे हैं

और हमने आपदा की गम्भीरता को समझते हुए पदयात्रा को मार्ग सुचारू होने तक स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के बड़े बड़े दावे सारे रास्ते में हवाई साबित हुए। प्रदेश सरकार ने यात्रा मार्ग पर रैन बसेरे और शौचालयों की तुलना में शराब की दुकानें अधिक खोली हैं, जो हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम है। रमोला ने सरकार के विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया और कहा कि आज अगर विपक्ष सवाल उठाता है तो उस पर मुकदमे दर्ज कर विपक्ष की आवाज को दबाने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा में भी धरातल पर कार्य नहीं किए जा रहे हैं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। चाहे वह सड़कों का मामला हो या अन्य। गौहरी माफी में कुछ माह पूर्व बने बाढ़ सुरक्षा के लिए करोड़ों की लागत से बने सुरक्षा पुस्ते और वायर किट कार्य की गुणवत्ता पर शुरूआत में भी स्थानीय लोगों ने शिकायत की परन्तु विभागीय अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन, पहली ही बारिश में ये सब ढह गये। क्षेत्रीय विधायक और मंत्री चुप्पी साधे बैठे हैं। इससे कहीं ना कहीं साफ लगता है कि कहीं ऐसे कार्यों के लिए मंत्री की स्वीकृति रही होगी तभी विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही करने से बच रहे हैं प्रेस वार्ता में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम मनीष शर्मा, प्रदेश सचिव शैलेंद्र बिष्ट, प्रदेश सचिव भगवती सेमवाल, प्रदेश सचिव सोहन लाल रतूड़ी, हिमांशु कश्यप, आदित्य झा मौजूद थे।

## कोई भी राज्य पश्चिम बंगाल का मॉडल नहीं अपनाना चाहेगाः अमित

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस नीत ममता बनर्जी सरकार पर कटाक्ष करते हुए आश्चर्य जताया कि क्या कोई राज्य वामपंथी उग्रवाद को रोकने के संदर्भ में उनके मॉडल को लागू करना चाहेगा। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आंध्र प्रदेश का हवाला देते हुए कहा कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पिछले 10-15 सालों से इन राज्यों में है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सफल रही है। उन्होंने सदन में गृह मंत्री से



सवाल किया कि क्या वे पश्चिम बंगाल के मॉडल का अध्ययन कर इसे अन्य राज्यों में भी लागू करेंगे। सौगत रॉय के सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुस्कुराते हुए खड़े हुए और कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उन राज्यों के मॉडल को लागू करने में कोई दिक्कत नहीं है जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मैं मानता हूं कि कोई भी राज्य नहीं चाहेगा कि वहां पश्चिम बंगाल का मॉडल अपनाया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### खिलाड़ियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण



**रांची।** मंगलवार को झारखंड राज्य चॉक बॉल की ओर से स्थानीय जयपाल सिंह स्टेडियम रांची में 14 वी जूनियर राष्ट्रीय चॉक बॉल प्रतियोगिता जलंदर में भाग लेकर आए हुए खिलाड़ियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। ज्ञात है कि झारखंड चॉक बॉल की बालिका टीम तीसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन किया था। इसी को लेकर संघ कि ओर से खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी दीपक वर्मा, चॉक बॉल झारखंड के महासचिव ब्रजेश कुमार, अंश वर्मा, जय श्रीवास्तव, समेत कई गणमान्य व्यक्तियो ने खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। यह जानकारी सचिन लोहड़ा ने दी।

### एथलेटिक्स महासंघ मनाएगा 'जेवलिन डे' आयोजित करेगा प्रतियोगिता




**गुवाहाटी।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएआइ) टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा के इतिहास को ताजा रखने और जेवलिन खेल की लोकप्रियता और प्रसार को बढ़ावा देने के लिए 7 अगस्त को जेवलिन डे के रूप में मना रहा है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के निर्देश पर असम एथलेटिक्स संघ ने भी आगामी 7 अगस्त (बुधवार) को गुवाहाटी के सरुसजई स्टेडियम में ₹जेवलिन डे मनाने का फैसला किया है। इस दिवस के अनुरूप असम एथलेटिक्स संघ की पहल पर सरुसजाई स्टेडियम में 14, 16, 18, 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिका तथा पुर के बीच राज्य स्तर पर जेवलिन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। असम एथलेटिक्स संघ के महासचिव गीतार्थ गोस्वामी ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

### भारत को टेबल टेनिस में निराशा, पुरुष टीम चीन से हारकर हुई बाहर



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम का सफर समाप्त हो गया है। शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम को टेबल टेनिस मेन्स टीम स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में चीन ने पहला मैच, दूसरा मैच और तीसरा मैच जीतकर 3-0 से भारतीय टीम को हराया। भारत और चीन के बीच पहला मैच डबल्स का खेला गया। हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की भारतीय जोड़ी के सामने चीन के एमए लांग और वांग चुकिन नजर आए। इस मैच में भारत को सीधे सेटों में 2-11, 3-11 और 7-11 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम और चीन के बीच दूसरा मैच एकल का खेला गया। भारतीय खिलाड़ी शरत कमल के सामने चीन के फैन जेडॉन्ग नजर आए। इस मैच में शरत ने पहला सेट 11-9 से जीता, लेकिन इसके बाद शरत को लगातार तीन सेटों में 7-11, 7-11 और 5-11 से हार मिली। तीसरा मैच भी एकल का खेला गया, जहां भारत के मानव ठक्कर के सामने चीन के वांग चुकिन नजर आए। इस मैच में भारतीय खिलाड़ी ठक्कर को 9-11, 6-11 और 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

### 63वीं सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में झारखंड की शानदार शुरुआत

# नयी दिल्ली को 7-0 के अंतर से हराकर झारखंड ने खोला खाता



● 63वी राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 15 फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए रांची के खेलगांव में बालक टीम को दिया जा रहा है विशेष प्रशिक्षण

संवाददाता

**रांची।** दिल्ली के तेजस फुटबॉल मैदान में जारी 63वी सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने दमदार जीत के साथ शुरुआत की है। झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने अपने पहले ही मुकाबले में नयी दिल्ली को 7-0 के अंतर से बड़ी शिकस्त दी है। इस मुकाबले में बबिता कुमारी ने 3, पुनिता कुमारी ने 2, पूजा कुमारी और संजना उरांव ने 1-1 गोल कर झारखंड को पहले मुकाबले में जीत दिलाई।

टीम की कप्तानी प्रियतम तिर्की कर रही है। टीम में अनीशा उरांव, प्रतिभा भोक्ता, क्रांति उरांव, नैना कुमारी, चांदनी कुमारी, उर्वशी कुमारी, संगीता कुमारी, बबिता कुमारी, संजना उरांव, पुनिता कुमारी, पूजा कुमारी, सोनामती होरो, एब्लिन कुजूर, पूनम कुमारी, ललिता बोयपाई शामिल है। टूर्नामेंट से पहले अंडर 17 बालिका टीम को अंतराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के पूर्व निदेशक सुशील कुमार वर्मा द्वारा 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था। पहले ही मुकाबले में झारखंड की दमदार जीत पर राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री श्री बैद्यनाथ राम, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव श्री उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्री आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, टीम मैनेजर बिंदु कुजूर समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाये और बधाई दी है।

**रांची में अंडर 15 बालक टीम को दिया जा रहा है विशेष प्रशिक्षण**

दिनांक 19 से 28 अगस्त, 2024 तक बेंगलुरु में आयोजित होने वाले 63वी राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 15 फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए रांची के खेलगांव में अंडर 15 बालक टीम को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के पूर्व निदेशक सुशील कुमार वर्मा द्वारा टीम को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने पद छोड़ने की घोषणा की



नई दिल्ली। एजेंसी

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) निक हॉकले ने घोषणा की है कि वह आगामी सत्र के बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। पिछले 13 वर्षों से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जुड़े हॉकले ने जून 2020 में सीए के अंतरिम सीईओ के रूप में पद संभाला था। इसके 11 महीने बाद स्थायी सीईओ बनाए गए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी विज्ञप्ति में हॉकले ने कहा यह एक कठिन निर्णय था। हालांकि एक ब्लॉकबस्टर ग्रीष्मकाल के वादे के बाद और हमारी पांच साल की रणनीतिक योजना अच्छी तरह से आगे बढ़ी है, यह सही समय है कि मैं आगे बढ़ूं और नई चुनौती लूं। बोर्ड के पास अपने अगले सीईओ को खोजने के लिए पर्याप्त समय है ताकि वर्तमान में मौजूद मजबूत नींव पर काम किया जा सके। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि निक ने बोर्ड को सलाह दी थी कि सीईओ के रूप में उनकी अगली ग्रीष्म ऋतु अंतिम होगी। बेयर्ड ने कहा कि सीईओ के रूप में, निक ने महामारी के दौरान अभूतपूर्व चुनौती के दौर में खेल को संभाला और महत्वपूर्ण विकास और स्थिरता प्रदान की। उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि निक कहते हैं, उनका पूरा ध्यान हमारे प्रशंसकों, खिलाड़ियों, प्रसारकों, साझेदारों और पूरे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए एक और सफल ग्रीष्मकाल प्रदान करने पर है और अगले वर्ष जब वह पद से हटेंगे तो उनकी विरासत और उपलब्धियों का जश्न मनाने का समय होगा। बेयर्ड ने कहा कि निक के निर्णय का समय बोर्ड को एक सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने की अनुमति देता है और हम शीघ्र ही उनके उत्तराधिकारी को खोजने और नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हॉकले के मार्च 2025 के अंत तक पद छोड़ने की उम्मीद है या संभवतः उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया के आधार पर बाद में भी पद छोड़ सकते हैं।

## सेमीफाइनल में पहुंचीं फोगाट

### क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की खिलाड़ी को हराया



पेरिस। एजेंसी

स्टार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 में महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की उकसाना लिवाच को 7-5 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबला आज रात 10:25 बजे खेला जाएगा।

क्वार्टर फाइनल मुकाबले में विनेश ने पहले पीरियड में 2-0 की बढ़त ले ली। दूसरे पीरियड में लिवाच ने वापसी की लेकिन विनेश ने उनकी चुनौती को रोक दिया। यूक्रेनी पहलवान को पछाड़ कर विनेश ने 7-5 से जीत दर्ज कर ली। इससे पहले राउंड ऑफ 16 में भारतीय स्टार ने 2020 टोक्यो ओलंपिक की चैंपियन जापान की यूई सुसाकी को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

## नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए किया क्वालिफाई

● नीरज ने अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का शानदार थ्रो फेंका




पेरिस। एजेंसी

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों के भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को खेले गए पुरुषों के भाला फेंक क्वालिफिकेशन राउंड में नीरज ने अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का शानदार थ्रो फेंका, जो 84 मीटर के स्वतः क्वालिफिकेशन से काफी अधिक था। भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा ग्रुप बी के क्वालिफिकेशन में सबसे पहले शुरुआत करने आए। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो किया। पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में जगह बनाने के लिए एथलीटों को क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड 84 मीटर की दूरी को पार करना था, जिसे नीरज ने आसानी से पार कर लिया।

नीरज अब फाइनल में अपना खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगे। अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनेंगे। विश्व चैंपियन नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। फाइनल मैच 8 अगस्त को रात 11:55 बजे होगा।

## साउथ अफ्रीका टी20 लीग में खेलेंगे दिनेश, पार्ल रॉयल्स के साथ किया करार



केप टाउन। एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर व बल्लेबाज दिनेश कार्तिक अगले साल साउथ अफ्रीकी टी20 लीग (एसए20) में खेलेंगे। रॉयल्स स्पोर्ट्स ग्रुप के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स ने मंगलवार को सीजन-3 के लिए अपने सबसे नए विदेशी खिलाड़ी के रूप में दिग्गज भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को शामिल करने की घोषणा की है। कार्तिक साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होंगे। हाल ही में 39 वर्षीय बल्लेबाज कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 के बाद खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, लेकिन अब उन्होंने साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलने का फैसला किया है। कार्तिक का फ्रेंचाइजी में स्वागत करते हुए रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा कि दिनेश ने सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए अच्छा खेलें हैं। उनका समृद्ध अनुभव सीजन 3 के लिए हमारी टीम को मजबूत बनाने में योगदान देगा। वह जिस तरह से खेल के प्रति अपना दृष्टिकोण रखते हैं, उसके कारण वह हमेशा लीगों में प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के लिए एक बड़ी संपत्ति साबित हुए हैं, इसलिए यह हमारे लिए एक रोमांचक अनुबंध है और हम उनके आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कार्तिक ने क्रिकेट में वापसी और एसए20 में खेलने पर कहा कि मेरे पास दक्षिण अफ्रीका में खेलने और वहां जाने की बहुत सारी यादें हैं और जब यह अवसर मेरे सामने आया, तो मैं मना नहीं कर सका, क्योंकि क्योंकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आना और रॉयल्स के साथ इस अविश्वसनीय प्रतियोगिता को जीतना कितना खास होगा।

भले ही मुझे आईपीएल में रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करने का मौका न मिला, लेकिन मैं पार्ल रॉयल्स टीम में शामिल होकर बहुत खुश हूं, जिसमें बहुत अनुभव, गुणवत्ता और क्षमता है। मैं निश्चित रूप से समूह में शामिल होने और एक रोमांचक सीजन में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। कार्तिक का आईपीएल करियर कई टीमों के साथ लंबा और शानदार रहा है, लेकिन उन्होंने कभी राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेला। कार्तिक सफेद गेंद के क्रिकेट में एक फिनिशर के रूप में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। उनका भारतीय टीम के लिए एक शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर रहा है। उन्होंने भारतीय टीम के लिए 26 टेस्ट मैच, 94 वनडे और 60 टी20 मैच खेले हैं। बल्लेबाज ने टेस्ट मैचों में 1025 रन, वनडे फॉर्मेट में 73.24 की स्ट्राइक रेट और 30.21 की औसत से 1752 रन और टी20 मैचों में 142.62 की स्ट्राइक रेट और 26.38 की औसत से 686 रन बनाए। दिनेश कार्तिक ने 257 आईपीएल मैचों में 135.36 के स्ट्राइक और 26.32 की औसत से 4842 रन बनाए हैं।

## वाणिज्य

# उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



नई दिल्ली। एजेंसी

सोमवार के कारोबार में आई जोरदार गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार नुकसान की भरपाई करता नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार छलांग भी लगाई। हालांकि मुनाफा वसूली की वजह से शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता नजर आ रहा है। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.01 प्रतिशत और निफ्टी 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर 2.99 प्रतिशत से लेकर 2.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, श्रीराम फाइनेंस, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1.17 प्रतिशत से लेकर 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,262 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,934 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 328 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 2 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## विस्तारा, एयर इंडिया और इंडिगो की ढाका के लिए सभी उड़ानें रद्द



नई दिल्ली। एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हालात को देखते हुए टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो एयरलाइन कंपनियों ने अपनी सभी उड़ानें (कैंसिल) रद्द कर दी हैं। विमानन कंपनियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा के बाद ढाका के हालातों को देखते हुए यह कदम उठाया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को दी जानकारी में बताया कि देश की प्रमुख एयरलाइन कंपनियों विस्तार, एयर इंडिया और इंडिगो ने ढाका आने-जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। विस्तारा ने ढाका की फ्लाइट्स कैंसिल की हैं, जबकि एयर इंडिया और इंडिगो ने कल देर शाम अपनी उड़ानें रद्द कर दी थीं। विस्तारा के एक अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन की उड़ानें प्रतिदिन मुंबई से ढाका और हफ्ते के तीन दिन दिल्ली से ढाका जाया करती थीं। लेकिन वहां के मौजूदा हालात को देखते हुए फिलाहल विस्तारा ने अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे पहले विस्तारा ने सोमवार को मुंबई से अपनी उड़ान को संचालित किया था। वहीं, एयर इंडिया और इंडिगो ने पहले ही अपनी उड़ानें रद्द कर दी थीं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में रिजर्वेशन पॉलिसी के विरोध में हिंसा चरम पर पहुंचने के बाद वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल वो भारत में हैं।

## रिकवरी मोड में ग्लोबल मार्केट, निक्केई इंडेक्स में 10 प्रतिशत से ज्यादा मजबूती



नई दिल्ली। एजेंसी

दुनिया भर के शेयर बाजार में सोमवार को मचे कोहराम के बाद ग्लोबल मार्केट से शांति के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार जोरदार गिरावट के साथ बंद हुए। लेकिन डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में मजबूती नजर आ रही है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान सोमवार को बड़ी गिरावट का शिकार हुए थे। वहीं, एशिया के बाजार भी कल की गिरावट के बाद शानदार रिकवरी करते नजर आ रहे हैं।

पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार दबाव बना रहा। टेक कंपनियों के शेयर में 3 से 6 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। आर्थिक मंदी की आशंका के कारण अमेरिकी बाजार का मार्केट कैप एक झटके में 1.4 ट्रिलियन डॉलर कम हो गया। एसएंडपी 500 इंडेक्स 160.23 अंक यानी 3 प्रतिशत टूट कर 5,186.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 576.08 अंक यानी 3.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,200.08 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 382.67 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,085.94 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार के सूचकांक भी पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हुए। एफटीएसई इंडेक्स 166.48 अंक यानी 2.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,008.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 102.81 अंक यानी 1.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,148.99 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 322.22 अंक यानी 1.86 प्रतिशत फिसल कर 17,339 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को मचे हड़कंप के बाद एशियाई बाजार भी रिकवरी के मोड में नजर आ रहे हैं। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं।

# जयपुर टाइगर फेस्टिवल: पुरस्कार पाकर खिले प्रतिभागियों के चेहरे

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा, प्रधानमन्त्री के प्रयासों को विश्वस्तर पर फॉलो किया जाता है

चमकता रास्थान

**जयपुर।** जयपुर टाइगर फेस्टिवल की टाइगर फोटो एग्जीबिशन की अवॉर्ड सेरेमनी मंगलवार को जेएलएन मार्ग स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित हुई। इस समारोह में बेहतरीन फोटोग्राफर्स को उनकी अद्वितीय तस्वीरों और बाघ संरक्षण क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। इंटरनेशनल टाइगर डे के उपलक्ष्य में राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन द्वारा जवाहर कला केन्द्र में छठे जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) का आयोजन 27 से 30 जुलाई को किया गया था। अवॉर्ड सेरेमनी में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की। इसके अतिरिक्त, स्पेशल गेस्ट के रूप में पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा और हेल्प इन सफरिंग की ट्रस्टी टिम्मी कुमार, जेटीएफ प्रेसिडेंट संजय खवाड़, फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र के. गोधा, सचिव आनंद अग्रवाल भी मौजूद रहे।










### अंतर्राष्ट्रीय जूरी ने किया विजेताओं का चयन

» संस्था के प्रेसिडेंट संजय खवाड़ ने बताया कि एग्जीबिशन की फोटोज में से सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफ्स का चयन अंतर्राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया गया है। इनमें प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ फिल्म मेकर एस. नल्लामुथु, दिनेश कुंबले, माइकल विकर्स और धृतिमान मुखर्जी शामिल हैं।

### हजारों बच्चों ने नजदीक से देखा बाघों का जीवन

» सचिव आनंद अग्रवाल ने बताया कि अलंकार गैलरी में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के वाइल्डलाइफ प्रेमियों और फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक फोटोज की प्रदर्शनी लगाई गई थी। पहली बार बाघों से जुड़े आयोजन में वीआर तकनीक का प्रयोग कर वन्यजीव प्रेमियों को बाघों की दुनिया में शामिल किया गया। लोगों ने वीआर शो में जंगल में बाघों की अठखेलियों को देखा और सुखद अनुभव प्राप्त किया। साथ ही, फेस्टिवल में लाइव टाइगर पेंटिंग, टाइगर स्टोरी, मूवी स्क्रीनिंग, पोस्टल स्टाम्प एग्जीबिशन जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

### 'नयी पीढ़ी में जागरूकता लाना ही उद्देश्य'

» जेटीएफ के फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र के. गोधा ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य बाघों और पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष रूप से स्कूल के बच्चों में जागरूकता लाना है। यही कारण रहा कि इस साल पच्चीस से ज़्यादा स्कूलों के 3500 से ज़्यादा विद्यार्थियों ने जेटीएफ में भाग लेकर बाघों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को समझा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी से न केवल बाघों के जीवन और जंगल को करीब से देखने का मौका मिला बल्कि चर्चा सत्रों में जीव संरक्षण की सीख भी प्राप्त हुई।

## विभिन्न नकद पुरस्कारों से नवाजा

प्रथम रहे नारायण मालू को 51 हजार रु., द्वितीय रहे मैनाक राय को 31 हजार रु. तथा तृतीय स्थान पर रहे मुजफ्फर शेख और गौरव दाधीच को 21 हजार रु. का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। 13 लोगों को कॉन्सोलेशन या मोटिवेशनल प्राइज के तहत 5100 रु. का नकद पुरस्कार दिया गया। इनमें ऐकम सिंह, अजय कुमार प्रजापत, अजय पारीख, अमित कुमार शर्मा, अशोक बेहेरा, मनीष बारहठ, मानसी स्मार्ट, रिधा नारायण, रविंद्र जैन, व्लादिमीर व्लादिमीर चेक जूनियर, शिव पालीवाल, कृष गोयल, सानंदा पुरोहित शामिल है। इसी के साथ बाघ संरक्षण क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाली हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें सरिस्का टाइगर रिजर्व से हीरा लाल बलाई, शिवपाल सैनी और रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से सहायक वनपाल सीमा मीणा व वन रक्षक खेम सिंह को 25-25 हजार रु. का नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही प्रदेश में वन्यजीवों खासकर बाघों व लेपर्ड्स के रेस्क्यू व चिकित्सा में दशकों से उल्लेखनीय कार्य करने पर वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरविन्द माथुर व डॉक्टर राजीव गर्ग को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम में बाघ संरक्षण और जेटीएफ की सराहना करते हुए कहा कि बाघ संरक्षण के प्रति यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में बाघों व अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के मामले में भारत नंबर 1 है ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के कारण है, नरेंद्र मोदी ग्लोबल लीडर है जिनकी बात वैश्विक मंच पर मजबूती से मांजी जाती है। हरियाली तीज से प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की जा रही है, इस वर्ष के बजट में भी ग्रीन ग्रोथ का प्रावधान किया गया है, अगले वर्ष राजस्थान ग्रीन बजट जारी करने वाला पहला प्रदेश बन जाएगा। सरकार और वन्य जीव संरक्षकों के सहयोग से इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित किया जाना चाहिए।

पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा ने कहा कि जेटीएफ का कार्यक्रम खास है क्योंकी इस प्लेटफार्म के माध्यम से सभी बाघों के संरक्षक और टाइगर लवर्स एक साथ जुड़ पाते है। राजस्थान वाइल्डलाइफ के मामले काफी समृद्ध है। सरिस्का सेंचुरी में अब बाघों की गिणती शून्य से 43 हो चुकी है। इस स्तर को हासिल करने के लिए मीडिया और बाघ संरक्षकों के किए गए प्रयास महत्वपूर्ण साबित हुए है। साथ ही उन्होंने वाइल्डलाइफ टूरिज्म को बढ़ावा देंगे के लिए अलग से विभाग बनाने का सुझाव डिप्टी सीएम को मंच के माध्यम से दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वाइल्डलाइफ टूरिज्म से रिपीट टूरिज्म को बढ़ावा मिले और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स के लिए रियाती दर और छूट मिलनी चाहिए।

## पर्यटकों को मिले अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ : दिया कुमारी



चमकता राजस्थान

**जयपुर, 06 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन, पुरातत्व तथा धार्मिक स्थानों का सुनियोजित विकास कार्य किये जाने के लिए कार्य योजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की गुणवत्तापूर्ण कार्य के आधार पर राजस्थान में आने वाले पर्यटकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध हो इसे लक्षित करके ही पर्यटन विकास के कार्यों को मूर्त रूप दिया जाए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के समक्ष मंगलवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा के द्वारा आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक श्रीमती अनुपमा जोरवाल की उपस्थिति में पर्यटन यूनिट नीति–2024 के संभावित बिंदुओं सहित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बेहतर काम करने के लिए एजेंसियों का पारदर्शिता से चयन किये जाने की प्रक्रिया अपनाएं जाने के भी निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से सम्बन्धित सभी बजट घोषणाओं की द्रुत गति से क्रियान्विति के लिए भी निर्देश दिए। इसके साथ ही विकसित राजस्थान @2047 के विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा कर सहमति प्रदान की।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट घोषणाओं के बिन्दुओं में उल्लेखित श्री खाटूश्याम जी, श्री महावीर जी तथा अन्य धार्मिक पर्यटन स्थलों का पूर्ण भव्यता और सुनियोजित रूप से जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जमवाय माता मन्दिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मंदिर का पूर्ण भव्यता से जीर्णोद्धार किये जाने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रभारी मंत्री करेंगे बिजौली में पौधारोपण

**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )।** धौलपुर, 6 अगस्त 24 को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान 2024 हरियालो राजस्थान एक पेड़ माँ के नाम के कार्यक्रम के संबंध में 7 अगस्त को ग्राम पंचायत बिजौली में राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य विभाग एवं प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की मौजूदगी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से शुरू होगा। हरियाली तीज के अवसर पर जिले में 2 लाख 66 हजार पौधे लगाये जायेगें। कार्यक्रम में समस्त जन प्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, पर्यावरण प्रेमियों, महिलाओं व छात्राओं, गणमान्य नागरिकों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही हरियाली तीज के अवसर पर थीम अनुसार सहभागियों को लहरिया जैसे वस्त्र धारण कर कार्यक्रम को सुन्दर बनाने के लिए गरिमामय ढंग से उपस्थित रहेंगे। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ जिला प्रभारी सचिव पी रमेश, जिला कलक्टर निधि बी टी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, जनप्रतिनिधि एवं आमजन भाग लेंगे। जिला स्तर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 66 हजार, वन विभाग द्वारा 1 लाख एवं शिक्षा विभाग द्वारा 1 लाख पौधों का पौधारोपण किया जायेगा। एक पेड़ माँ के नाम मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान में सहभागिता के लिए आमजन हरियालो राजस्थान एप डाउनलोड कर पौधारोपण की फोटो अपलोड कर प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर सकेंगे।



### रावत ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को अपने क्षेत्र की समस्याओ को लेकर सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान/रघुनन्दन पारीक /श्रीनगर ,अजमेर जिला परिषद श्रवण सिंह रावत को श्रीनगर पूर्व सरपंच रामकरण यादव ने अवगत कराया की श्रीनगर से बडल्या के मध्य घाटी पर रोड पर 2 दिन पहले दिवाकर ढस गई है भाजपा नेता रामकरण यादव के अवगत करने पर जिला परिषद सदस्य रावत ने तुरन्त विभागीय अधीकारी पर दुरभाष पर चर्चा की अधिकारी ने बजट का अभाव बताने पर रावत ने ज्ञापन सोप चेतावनी दी अगर जल्द से जल्द दिवाकर मरमत करवाई जावे अन्यथा कीसी प्रकार की दुर्घटना हुई तो सम्पूर्ण जमेदारी विभाग की होगी !

## राजस्थान के 35 हजार से अधिक गांवों में किया गया ड्रोन सर्वे, घरों के मालिकों का संपत्ति कार्ड तैयार: मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना को ग्रामीणों के लिए मिल का पत्थर बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांवों में आबादी वाले घरों के मालिकों को कानूनी अधिकार देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना शुरू की। योजना के तहत देश के 3 लाख 12 हजार गांवों में ड्रोन से सर्वे किया जा चुका है और जल्द ही इन गांवों में आबादी वाले घरों के मालिकों को ''संपत्ति कार्ड या टाइटल डीड'' जारी कर दिया जाएगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राज्यसभा में स्वामित्व योजना को लेकर सवाल लगाया था और इसके जवाब में पंचायती राज राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने जवाब दिया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंचायती राज मंत्रालय, राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किसानों के लिए स्वामित्व योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत देश के गांवों में आबादी वाले घरों के मालिकों को कानूनी स्वामित्व अधिकार दिया जाएगा। इसके तहत घरों के मालिक को संपत्ति कार्ड जारी किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार के संबंधित विभागों द्वारा गांवों का ड्रोन से सर्वे करवाकर कागज तैयार करवाए है।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत देशभर में 3 लाख 44 हजार 400 गांवों को सर्वे करवाया जाना था, इसमें से केंद्र सरकार की ओर से 3 लाख 12 हजार 563 गांवों का ड्रोन से सर्वे पूरा कर लिया गया है। इन 3 लाख 12 हजार में से 1 लाख 30 हजार घरों के मालिकों का संपत्ति कार्ड तैयार हो गया है। इन्हें जल्द ही घरों के मालिकों को सौंपे जाएंगे। वहीं अगर राजस्थान के परिपेक्षय में देखा जाए तो स्वामित्व योजना के अंदर 36310 गांवों का चयन किया गया और इसमें से 35 हजार 652 गांवों का ड्रोन से सर्वे पूरा कर दिया गया। इनमें से 6695 घरों के संपत्ति कार्ड बन कर तैयार हो गए, जल्द ही घरों के मालिकों को संपत्ति कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

### नरेन्द्र सिंह रावत को मोर्चा जिला समन्वयक मनोनीत

**चमकता राजस्थान/सत्यनारायण पारीक।** नसीराबाद भाजपा अजमेर जिला देहात संगठन ने नरेन्द्र सिंह रावत को अजमेर जिला भाजपा के विभिन्न मोर्चों का जिला समन्वयक बनाया है।रावत अजमेर जिले के विभिन्न मोर्चों से समन्वय स्थापित कर संगठन की विभिन्न गतिविधियों में गति देने में सहायता करेंगे। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा के विचार व समय समय पर विभिन्न गतिविधियों को अजमेर जिले में मोर्चा अध्यक्षों के माध्यम से बूथ स्तर तक पहुंचायेंगे तथा प्रगति की रिपोर्ट प्रदेश भाजपा को प्रेषित करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री रावत विकसित भारत संकल्प यात्रा के अजमेर जिला समन्वयक, आपातकाल विरोध दिवस के अजमेर सह संयोजक जैसे दायित्व निभा चुके हैं रावत ने अजमेर जिला देहात भाजपा संगठन का आभार व्यक्त किया है।



## धौलपुर जिला कलेक्टर को ग्राम पंचायत धंन्नू के पुरा निवासी द्वारा हल्का पटवारी के खिलाफ सोपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)** बाड़ी उपखण्ड के ग्राम पंचायत धन्नू का पुरा तहसील बाड़ी के हल्का पटवारी द्वारा दाखिला ना खोलने बाबत, प्रार्थी सुभाष पुत्र लज्जाराम निवासी टोडपुरा तहसील बाड़ी का निवासी है। प्रार्थी आराजी खाता संख्या 43, 42, 41, 39, 205 वाके ग्राम टोडपुरा तहसील बाड़ी का काबिज व आधिपत्यधारी है। प्रार्थी की दादी जीवनी पत्नी चन्द्रभान जाति ठाकुर निवासी टोडपुरा का देहान्त दिनांक :- 07-03-2022 को व मुकाम टोडपुरा में हो चुका है। प्रार्थी ने अपनी दादी के देहान्त के बाद हल्का पटवारी शैलका को विरासत का दाखिला खोलने बाबत प्रार्थना पत्र दिया था! जिसमे से हल्का पटवारी शैलका द्वारा 2000/- रुपये प्राप्त कर खाता संख्या 42 का दाखिला दिनांकः- 23-06- 2023 को खोल दिया तथा बाकी खाता संख्या का दाखिला ना खोले जाने पर जब प्रार्थी हल्का पटवारी से मिला तो उन्होने कहा कि 8000/- रुपये और दो तब मैं आपके बाकी खाता संख्या 43, 41, 39, 205 का विरासत का दाखिला खोलूँगी। प्रार्थी ने काफी निवेदन किया !कि अब मेरे पास इतने रुपये नहीं है! अब मैं आपको रुपये कहां से दू प्रार्थी आज दिनांक :-05-08-2024 को हल्का पटवारी के पास गया और पुनः दाखिला खोलेने बाबत निवेदन किया लेकिन हल्का पटवारी ने कहा कि में बिना रुपयों के कोई दाखिला नहीं खोलूँगी! तुमको दीखे सो करो और जहां शिकायत करनी है! वहाँ शिकायत करो, कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उक्त घटना के बारे में पार्टी ने दिनांक 05-08-2024 को एक लिखित शिकायत प्रार्थना पत्र उपखण्ड अधिकारी बाड़ी को दिया! जिस पर उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि आप पटवारी से सम्पर्क करो! लेकिन पटवारी ने ना तो प्रार्थी का फोन उठाया और ना ही पटवार घर में मौजूद मिले। प्रार्थी के खाता संख्या 43, 41, 39, 205 वाके ग्राम टोडपुरा तहसील बाड़ी के विरासता का दाखिला खुलवाया जावे, तथा हल्का पटवारी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावे।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929